

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 5 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-037 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# सुशासन तिहार: खाट पर बैठकर मुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल

### ग्रामीणों ने बताई समस्याएं साय ने किया समाधान

**सक्ती,5 मई।** जनता की समस्या के समाधान के लिए आज से सुशासन तिहार के तीसरे फेज की शुरुआत हो चुकी है। इस विशेष अभियान के दौरान सीएम विष्णुदेव साय अलग-अलग जिलों के आकस्मिक दौरे पर रहेंगे। अभियान के पहले दिन सीएम साय सक्ती जिले के बंदोरा गांव पहुंचे। प्रदेश के मुखिया के आगमन पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। करिगांव के ग्रामीणों और महिलाओं ने तिलक और आरती से उनका स्वागत किया। साथ ही उन्होंने सीएम को कमल फूल भी भेंट किया। इसके बाद करिगांव में पीपल के पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री की चौपाल लगाई गई। जहां वे खाट पर बैठकर ग्रामीणों से बातचीत कर रहे हैं। संवाद के दौरान ग्रामीण भी अपनी बातें मुख्यमंत्री के समक्ष रख रहे हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। यह विशेष अभियान 31 मई तक चलेगा, जिसके तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्यभर में आकस्मिक दौरे पर रहेंगे। सोमवार सुबह जानकारी सामने आई कि मुख्यमंत्री आज से किसी भी जिले में बिना पूर्व सूचना के पहुंच सकते हैं और वहां आमजन से सीधा संवाद करेंगे। वे समाधान शिविरों में शामिल होकर सरकार की योजनाओं पर लोगों से फीडबैक भी लेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को गोपनीय रखा गया है। शीर्ष स्तर के अधिकारियों को छोड़कर किसी को भी उनके दौरे की जानकारी नहीं होगी। आज सुबह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 11 बजे पुलिस परेड ग्राउंड से अपने दौरे के लिए रवाना होने पहुंचे थे, लेकिन उसी दौरान उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। थोड़ी देर के इंतजार के बाद दूसरा हेलीकॉप्टर मंगवाया गया, जिसके बाद मुख्यमंत्री अपने आकस्मिक दौरे पर रवाना हुए।



### कोरबा के मदनपुर पहुंचे सीएम

कोरबा. सुशासन तिहार के अंतर्गत सीएम विष्णुदेव साय कोरबा जिले के मदनपुर पहुंचे, जहां वे समाधान शिविर में शामिल हुए। हैलीपैड पर अपने मुखिया को देखने बड़ी संख्या में जनता पहुंची. हैलीपैड पर सीएम साय का स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया. सीएम की अगुवानी करने जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं.

#### करिगांव में घोषणाएं

- करिगांव में बनेगा नया पंचायत भवन
- सप्ताह में एक दिन करिगांव में लगेगा पटवारी कार्यालय
- गांव में अवैध कब्जे पर होगी कार्रवाई
- देवी मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

## संक्षेप

### गांवों से शहर तक सरकार फेल : बैज

**रायपुर,5 मई।** छत्तीसढ़ में सुशासन तिहार को लेकर कांग्रेस ने साय सरकार पर तंज कसा है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सुशासन तिहार को सरकार का टाइम पास बताया. उन्होंने कहा, डेढ़ साल में चालीस लाख आवेदन को सरकार के फेलियर को बताता है. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार के सुशासन की पोल खोल दी है. पीसीसी चीफ बैज ने कहा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार को चिट्ठी लिखकर सुशासन की पोल खोल रहे. सुशासन तिहार में इतना आवेदन आना मतलब सरकार ग्रामीण से शहर तक फेल है. किसी आवेदन का निराकरण नहीं होगा. गर्मी में सरकार सिर्फ़ टाइम पास कर रही है.

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता की गुंडागर्दी

**बिलासपुर,5 मई।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के स्थानीय नेता नवीन मसीह पर गुंडागर्दी, मारपीट और दहशत फैलाने का गंभीर आरोप लगा है. आरोप है, कि पारिवारिक विवाद में नवीन मसीह ने खुलेआम अपने सगे भाई के घर पर घुसकर दबंगई की. घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा नेता घर की महिलाओं और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है. मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है. मामला बुजुर्ग दंपत्ति राकेश मसीह और उनकी पत्नी से जुड़ा है. बताया जा रहा है, कि तारबाहर क्षेत्र में रहने वाले नवीन मसीह और राकेश मसीह दोनों भाई हैं. उनके बीच जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद है. जिसकी वजह से रविवार को उनके बीच विवाद हुआ, जिस पर नवीन व उसके साथियों पर घर में घुसकर महिलाओं और बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है. घटना को लेकर तारबाहर थाने वीडियो के साथ शिकायत की गई है, जिस पर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है.

### कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर ब्लास्ट 2 जवान घायल

**बीजापुर,5 मई।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन आज 14 वें दिन भी जारी है. इस ऑपरेशन के दौरान एक STF के 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए IED की चपेट में आ गए. IED ब्लास्ट होने से जवानों के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है. घटना के बाद तत्काल जवानों को कैंप लेजाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चॉपर से बीजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, घायल जवानों में से एक जवान का नाम थानसिंह व दूसरे जवान का नाम अमित पांडे है. नक्सलियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन के तहत दोनों जवान STF टीम के साथ कर्रेगुट्टा के पहाड़ी में सर्चिंग कर रहे थे. इसी दौरान वे नक्सलियों द्वारा लगाए गए IED की चपेट में आ गए. फिलहाल घायल जवानों का इलाज जारी है.

### ट्रक से बस टकराई 1 की मौत, 8 घायल

**बालोद,5 मई।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सोमवार की तड़के सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हो गया. दरअसल, नेशनल हाइवे 30 पर जगदलपुर से रायपुर आ रही महेंद्रा ट्रेवल्स की यात्री बस खड़ी ट्रक में जा टकराई. भीषण टक्कर से बस सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. मौके पर ही एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल बताए जा रहे हैं. यह दर्दनाक हादसा पुरूर थाना क्षेत्र के आरा पेट्रोल पंप के पास हुआ है. जानकारी के मुताबिक, महेंद्रा ट्रेवल्स की बस (सीजी 04 पी डब्ल्यू 5480) यात्रियों को जगदलपुर से लेकर रायपुर की ओर आ रही थी। घटना सुबह तकरीबन 4 बजे की बताई जा रही है। सभी यात्री हल्की नींद में थे, तभी अचानक बस सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही एक यात्री की मौत हो गई, मृतक की पहचान रामप्रसाद मरकाम (23 वर्ष) के रूप में हुई है। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे में घायल लोगों को धमतरी जिला अस्पताल भेजा गया।

### 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला का शुभारंभ

## सफाई में इंदौर मॉडल को अपनाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,5 मई।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर के होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में 'नगर सुराज संगम' कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय कार्यशाला प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ आगामी 5 वर्षों की शहरी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित की गई है। कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान अरुण साव ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा, इंदौर अगर सफाई में आगे हो सकता है, तो छत्तीसगढ़ के नगर निगम भी आगे बढ़ सकते हैं। बस जरूरत है संकल्प और समर्पण की। उन्होंने 14 नगर निगमों को ÷छत्तीसगढ़ के 14 रत्न÷ बताते हुए विश्वास जताया कि अगले पांच वर्षों में ये शहर देश-विदेश में पहचान बनाएंगे। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ÷बड़े भवन बनाना ही विकास नहीं, बल्कि योजनाओं की उपयोगिता तब सिद्ध होती है जब वे जनता की वास्तविक जरूरतों पर आधारित हों।÷ उन्होंने जनप्रतिनिधियों को याद दिलाया कि जनता ने उन्हें भरोसे और उम्मीद के साथ चुना है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी है कि वे शहर की हर गली, व्यक्ति और समस्या से जुड़ें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर सुराज का उद्देश्य योजनाओं को केवल कागजों तक



सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना है।÷ उन्होंने प्रातः भ्रमण, मोहल्लों में संवाद और नागरिकों से जुड़कर योजनाएं तैयार करने की सलाह दी। अरुण साव ने जल संकट और पर्यावरण संरक्षण को लेकर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि ÷जल स्तर का गिरना गंभीर विषय है और वर्षा जल संचयन योजनाओं में जनभागीदारी अनिवार्य है।÷ उन्होंने पुराने कुओं और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन की बात कही और बताया कि प्रत्येक मोहल्ले में जल टैंक व सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे ताकि हर घर तक नलजल की सुविधा पहुँचे। उन्होंने शहरी मानसून तैयारियों, जलभराव से निपटने की रणनीति, और पीएम आवास योजना को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि ÷गरीबों को घर देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डिप्टी सीएम ने जनप्रतिनिधियों को आह्वान किया कि वे नगर निगमों को जवाबदेह बनाएं और आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने सुझाव दिया कि नागरिक जुड़ाव अभियान चलाया जाए, ताकि हर व्यक्ति से सीधा संवाद स्थापित हो सके। उन्होंने कहा, जब जनता उम्मीद भरी निगाहों से देख रही हो, तब सेवा और संकल्प के साथ जवाबदेही निभाना आवश्यक है। अरुण साव ने जनप्रतिनिधियों कहा, ÷यह जिम्मेदारी सिर्फ पद की नहीं, बल्कि जनविश्वास की है। जनता ने परखा है, जांचा है, तब आप पर भरोसा किया है।÷ उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यों से ऐसी मिसाल बनाएं जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखें। उन्होंने कहा, ÷महापौर या सभापति बनना मंजिल नहीं, यह तो सिर्फ एक पड़ाव है। आपके फैसले आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेंगे। गौरतलब है कि कार्यशाला के पहले दिन सभी नगर निगमों के महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, आयुक्त एवं वरिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। इसमें नगरीय प्रशासन विभाग एवं स्ष्ठ की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर आमंत्रित किया था।

## तय हो रहा पहलगाम का अंजाम,रक्षा सचिव मिले मोदी से

**नई दिल्ली,5 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले वायुसेना प्रमुख से मुलाकात की और अब उन्होंने रक्षा सचिव से भी उच्च स्तरीय बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री मोदी की इन बैठकों को लेकर संकेत मिल रहे हैं कि भारत ठोस जवाब की दिशा में बढ़ रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई। इस हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले के बाद दुनियाभर के देशों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन किया है। इसमें इजरायल, अमेरिका और रूस भी शामिल हैं। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की करतूत सामने आई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पहलगाम



आतंकी हमले के बाद भारतीय वायुसेना प्रमुख सहित तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की थी। यह बैठक 29 अप्रैल 2025 को हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों को ÷पूरी छूट÷ दी है, ताकि वे हमले के जवाब में उपयुक्त समय, स्थान और तरीके का चयन कर सकें। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़े ऐक्शन लिए है। इसमें सबसे प्रमुख सिंधु जल संधि पर रोक है। भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि पर आगे की बातचीत रोक दी है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीज़ा जारी करना बंद कर दिया और देश में रह रहे सभी पाकिस्तानियों को वापस लौटने का आदेश दिया है। भारत ने पाकिस्तानी झंडा लगे किसी भी जहाज़ को अपने बंदरगाहों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी है और पाकिस्तान से सभी प्रकार के आयात पर रोक लगा दी है। मोदी सरकार अब पाकिस्तान की आतंकवाद फंडिंग रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे IMF और FATF के पास जाने की तैयारी कर रही है, ताकि पाकिस्तान को मिलने वाली आर्थिक मदद में कटौती कराई जा सके। मोदी सरकार का साफ संदेश है कि आतंक का समर्थन करने वालों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग किया जाएगा।

## बूंद-बूंद को तरसेगा पाकिस्तान

### भारत ने बगलिहार बांध से रोका चिनाब नदी का पानी

**श्रीनगर,5 मई।** भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध से पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोक दिया है और झेलम पर बनी किशनगंगा परियोजना से भी पानी के बहाव को कम करने की तैयारी कर रहा है। भारत ने सिंधु नदी से पड़ोसी देश को एक भी बूंद पानी नहीं जाने देने के अपने फैसले पर अमल किया है। नाम न बताने की शर्त पर एक दूसरे अधिकारी ने कहा कि हमने बगलिहार जल विद्युत परियोजना के गेट बंद कर दिए हैं। हमने जलाशय से गाद निकालने का काम किया था और इसे फिर से भरना है। यह प्रक्रिया शनिवार को शुरू हुई। भारत की यह कार्रवाई पाकिस्तान द्वारा शनिवार को सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के कुछ ही घंटों के भीतर हुई है, जिसमें देश के सभी बंदरगाहों पर पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के डॉकिंग पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। किशनगंगा बांध, जो कि उत्तर पश्चिमी हिमालय में गुरेज घाटी में स्थित पहला मेगा हाइड्रोपावर प्लांट है, पर भी ÷बहुत जल्द÷ बड़े पैमाने पर रखरखाव का काम शुरू होगा और इससे नीचे की ओर बहने वाले सभी पानी को रोक दिया जाएगा। पाकिस्तान ने इन दोनों बांधों के डिजाइन पर आपत्ति जताई है। भारत ने पाकिस्तान के साथ छह दशक पुरानी सिंधु जल संधि को रोक दिया है, जो पहले से ही लंबे समय से चल रहे विवादों से तनावपूर्ण है, एक दिन पहले आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में दर्जनों पर्यटकों की हत्या कर दी थी। शनिवार को जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने सिंधु नदी प्रणाली से उत्तरी राज्यों को पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय को दी। पहले अधिकारी ने कहा, हम पाकिस्तान के खिलाफ सख्त दंडात्मक उपायों के साथ तैयार हैं और एनएचपीसी के लगभग 50 इंजीनियर पहले से ही जम्मू और कश्मीर में अभियान की निगरानी के लिए मौजूद हैं।

### पेड़ काटते वक्त युवक के गले पर चल गई कटर मशीन,मौत

**महासमुंद।** जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां पेड़ काटने के दौरान कटर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान ललित यादव (उम्र 30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना बागबाहरा थाना क्षेत्र के वार्ड नं. 4 थानापारा की है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में आए तेज अंधड़ और बारिश के चलते एक बड़ा नीम का पेड़ गिर गया था।

सोमवार को ललित यादव पेड़ को काटने के लिए कटर मशीन लेकर पहुंचा। जैसे ही उसने पेड़ काटना शुरू किया, अचानक असंतुलित होकर पेड़ की भारी डाल उस पर गिर गई।

## रामदेव कराची-लाहौर में बनाएंगे गुरुकुल

**नई दिल्ली,5 मई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी बीच बाबा रामदेव ने भारत-पाकिस्तान युद्ध को लेकर बड़ा दावा किया है। रामदेव ने पाकिस्तान की ताकत को लेकर कहा कि पाकिस्तान में इतनी ताकत भी नहीं है कि वो भारत के सामने युद्ध में 4 दिन भी खड़ा हो जाए। बाबा रामदेव ने कहा कि युद्ध के बाद मैं कराची और लाहौर में अगला गुरुकुल बनाऊंगा। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला कर टारगेट किलिंग करते हुए 25 हिंदुओं समेत 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इस दौरान आतंकी कलमा पढ़ने के लिए कह रहे थे। जो कलमा नहीं पढ़ पाया, उसकी गोली



मारकर हत्या कर दी थी। बाबा रामदेव ने कहा, पाकिस्तान तो एक नापाक देश वैसे ही है वो अपने आप में ही टूटने जा रहा है, उधर पख्तून उसको तोड़ने में लगे हैं। वहीं, बलूचिस्तान के लोग अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं। पीओके में हालात और खराब है, वो तो खुद ही टूटा पड़ा है। वो भारत से लड़ने की ताकत ही कहां रखता है, पाकिस्तान भारत के सामने 4 दिन भी युद्ध के लिए खड़ा नहीं हो सकता है।बाबा रामदेव ने इस दौरान गुरुकुल का भी जिक्र किया। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा, अब तो मुझे लगता है थोड़े ही दिनों में हमें अगला गुरुकुल एक कराची में और एक लाहौर में बनाना पड़ेगा। हम अगला गुरुकुल कराची और लाहौर में बनाएंगे। योग गुरु रामदेव ने सनातन को लेकर बात करते हुए कहा कि जन्म से हो सकता है कि हम 100 करोड़ से अधिक हो और पूरी दुनिया में 150 करोड़ के लगभग हो, लेकिन सनातन के विचार और संस्कार में श्रद्धा रखने वाले 300-400 करोड़ लोग है। आने वाले समय में यह संख्या 500 से ज्यादा होने वाली है। इस्लाम अपने अलग कारणों से एक्सपोज हो चुका है। ईसाई धर्म अपने अलग कारणों से एक्सपोज हो चुका है और अमेरिका टैरिफ वॉर के चलते अलग तरह से एक्सपोज हो चुका है।

## बॉलीवुड समेत अन्य विदेशी सिनेमा पर डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ स्ट्राइक

**वाशिंगटन,5 मई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बॉलीवुड समेत अन्य विदेशी सिनेमा पर 100त्न टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने इसकी जानकारी खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर दी है। उन्होंने इसे अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री यानी हॉलीवुड को फिर से जिंदा करने के मकसद से एक बड़ा फैसला करार दिया। न्होंने डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को इस तरह के टैरिफ को तुरंत शुरू करने के लिए अधिकृत किया है। हालांकि उन्होंने इस बारे में कोई डिटेल नहीं दिया कि इसे कैसे लागू किया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ऐलान किया कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि को अमेरिका के बाहर बनाई गई सभी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशों में अमेरिकी स्टूडियो और फिल्म निर्माताओं को लुभाने और आकर्षक प्रोत्साहन देने के लिए अन्य देशों की आलोचना की और स्थिति को आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बताया। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिकी फिल्म इंडस्ट्री बहुत तेजी से खत्म हो रही है। यह अन्य देशों द्वारा किया गया एक ठोस उपाय है और इसलिए, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। यह, बाकी सब चीजों के अलावा, संदेश और प्रोपेगैंडा है। ट्रंप ने घरेलू फिल्म प्रोडक्शन पर लौटने की जरूरत पर जोर दिया और कहा, हम चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में बनाई जाएं। नए टैरिफ का मकसद खेल के मैदान को लेवल में लाना और स्टूडियो को अमेरिकी धरती पर अपना ऑपरेशन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।



## मेकाहारा कार्डियक इंस्टीट्यूट में ओपन हार्ट सर्जरी सेवाएं जल्द शुरू हो: बृजमोहन

**रायपुर,5 मई।** छत्तीसगढ़ के एकमात्र शासकीय हृदय रोग संस्थान एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट, मेकाहारा रायपुर में बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सेवाएं लंबे समय से बंद हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर इन सेवाओं को तत्काल बहाल करने की मांग की है। सांसद श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यह अत्यंत दुःख का विषय है कि समय-समय पर निर्देश और प्रयासों के बावजूद इस महत्वपूर्ण संस्थान में सर्जरी की सेवाएं बंद पड़ी हैं। जिसके कारण प्रदेश की गरीब जनता जीवनरक्षक उपचार से वंचित रह रही है और निजी अस्पतालों की लूट का शिकार होने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्वशासी परिषद की बैठकों सहित कई मंचों पर इस गंभीर विषय की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया था, लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा के चलते आज भी मरीजों को केवल तारीख पर तारीख दी जा रही है। कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं, वहीं कुछ गरीब परिवार इलाज के लिए अपना सब कुछ बेच देने को विवश हैं। सांसद श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर अविलंब निर्णय लिया जाए, ताकि मेकाहारा रायपुर स्थित कार्डियक इंस्टिट्यूट में गरीब जनता को आवश्यक सर्जरी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें जीवनदान मिल सके।



## भिलाई में रेलवे कर्मचारी के मकान में मिले आपत्तिजनक सामान

**दुर्ग,5 मई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र में चौहान ग्रीन वैली कॉलोनी के एक फ्लैट से पुलिस ने चौंकाने वाली सामग्री बरामद की है. फ्लैट के मालिक, रेलवे में ग्रेड-2 कर्मचारी कमल किशोर नायक को हिरासत में लिया गया है. पुलिस ने छापेमारी के दौरान फ्लैट से 100 से अधिक पुराने मोबाइल फोन, उनकी बैटरी, इस्तेमाल किए गए कंडोम, महिलाओं के बाल, ताले, ड्रिल मशीन, कंप्यूटर, सीडी, सिम कार्ड, और एक रजिस्टर बरामद किया, जिसमें 1950 से अब तक के रेल हादसों की न्यूज कटिंग्स चिपकाई गई थीं. इसके अलावा, बम बनाने की सामग्री भी मिली, जिससे कॉलोनी में दहशत फैल गई.

कमल किशोर ने अपने फ्लैट को OLX और एक फर्जी OYO वेबसाइट पर 500 रुपये प्रतिदिन के किराए पर देने का विज्ञापन दिया था.



कॉलोनीवासियों को फ्लैट में अजनबी लोगों की लगातार आवाजाही पर शक हुआ. एक युवक और युवती ने ग्राहक बनकर फ्लैट का जायजा लिया, जहां उन्हें एक 16 वर्षीय किशोर मिला, जो जोमैटो में काम करता था. संदिग्ध गतिविधियां देखकर उन्होंने इसकी सूचना दी. इसके बाद कमल किशोर ने युवक-युवती को कमरे में बंद कर दिया. शोर सुनकर कॉलोनीवासी जमा हुए और पुलिस को बुलाया. स्मृति नगर चौकी पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर कमल और किशोर को हिरासत में लिया. पुलिस को फ्लैट से बरामद रजिस्टर में रेल हादसों की कटिंग्स के साथ कमल की हस्तलिखित टिप्पणियां मिलीं, जिसने मामले को और रहस्यमय बना दिया. बम बनाने की सामग्री की बरामदगी से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं. पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि बरामद सामग्री की फॉरेंसिक जांच की जाएगी और फ्लैट में आने-जाने वालों की पहचान की जा रही है. स्थानीय निवासी निर्मला ने बम बनाने की सामग्री से डर का माहौल होने की बात कही और बैचलर युवक-युवतियों की जांच की मांग की. ग्रीन वैली सोसाइटी के प्रभारी पीएसएन राव ने बताया कि उन्हें लंबे समय से फ्लैट में संदिग्ध गतिविधियों का शक था, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी.

# असोगा पंचायत शराब भट्टी को स्थानांतरित करने पेड़ -पौधे काटे जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,5 मई।** असोगा में बिकने वाली अमानक कच्ची शराब से परेशान ग्रामीणों व अंचलवासियों विरोध कर शासन से बंद करने की मांग कई सालों से किया जा रहता था लेकिन अवैध अमानक शराब की बिक्री बंद नहीं हो रही थी जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया परेशान होकर शासन से ग्राम में शासकीय शराब दुकान खोलने की मांग कर असोगा पंचायत से प्रस्ताव कर ग्राम से दूर निजी जगह पर खोलने की अनुमति शासन को दिए जिस पर अन्य गांव जरवाय के ग्रामीण विरोध भी किए लेकिन शासन प्रशासन के संरक्षण में शासकीय शराब दुकान संचालय हो गई जिसका परिणाम भी अच्छा देखा गया अब गांव में अमानक अवैध श्रम की बिक्री बंद हो गई युवा बच्चों व ग्रामीणों को सुबह से कम पैसे से अमानक शराब पीना नहीं मिलने से माहौल शांत हो गया और गांव के अनेक लोगों को रोजगार भी मिला ग्रामीण को कोई शिकायत नहीं होने से शासकीय शराब



दुकान असोगा निर्बाध सूप से चल रही है लेकिन पंचायत चुनाव के बाद सरपंच व पंच बदलने से राजनीतीकरण के कारण इसका विरोध करना प्रारंभ हो गया है और गांव से दूर संचालित शराब दुकान को गांव के समीप निस्तारी तालाब के पर में जहां शासकीय रतनजोत के पेड़ लगे है वह लाने की तैयारी कर पंचायत अब गांव का माहौल को गरम कर अशांत करने में लगे है जिससे गांव व अंचल में तनाव बढ़ने लगा है विदित हो कि असोगा में विगत 30 वर्षो से बन रहे अवैध महुआ कच्ची शराब से परेशान ग्रामवासियों ने पंचायत एवं ग्राम सभा के माध्यम से गांव में शासकीय शराब दुकान खुलवाया।जिसे विफल करने कच्ची शराब विक्रेताओं द्वारा अनेक प्रयास किए। लेकिन सफल नहीं हुए और गांव से पर्याप्त दूरी पर शासकीय शराब दुकान खुला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव में काफी हद तक शांति कायम हुआ। लेकिन इस बीच पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित सरपंच और कुछ पंचों ने कच्ची शराब विक्रेताओं के दबाव में शराब दुकान को स्थानांतरित करके विवाद को बढ़ावा देने तथा इसके लिए तालाब को पाटने और उसमें पूर्व के पंचायत द्वारा लगाए गए रतनजोत सहित अन्य पेड़ -पौधो की बलि चढ़ा रहा है।इससे गांव में आक्रोश का माहौल है जो कभी भी पंचायत व प्रशासन के खिलाफ आंदोलन के रूप में सामने आ सकता है। वहीं अब ग्रामीण जिला प्रशासन जिला कलेक्टर , जिला आबकारी के पास जाकर देशी शराब दुकान को जो गांव से काफी दूर वर्तमान संचालित जगह पर ही संचालित रखने गुहार लगाने वाले हैं । अब आगे देखना यह होगा कि शासन वर्तमान जगह ही निर्विवाद शासकीय शराब दुकान को संचालित करते हैं कि स्थानांतरित करके विवाद को बढ़ावा देते हैं। पूर्व उप सरपंच रमेश टंडन ने कहा कि शासन के प्रस्ताव अनुसार ग्राम में ग्रामसंभा के अनुमोदन से ग्राम से दूर निजी जमीन पर शासकीय शराब दुकान खोलने दिया गया था जिसका शासन से एग्रीमेंट भी किया है और शासकीय शराब दुकान खुलने के बाद गांव में अमानक अवैध शराब बिक्री में बहुत कमी आने से गांव में शांति बनी है लेकिन वर्तमान पंचायत इसमें विवाद पैदा कर गांव के नजदीक शासकीय जमीन में खोलना चाहते है जिससे ग्राम में आक्रोश है ।श्रीमती जानकी चोपड़िया वर्तमान सरपंच असोगा ने कहा कि पंचायत व ग्रामीण शासकीय शराब दुकान को बंद कराना नहीं चाहता लेकिन जो शासकीय शराब दुकान निजी जमीन में संचालित हो रहा है उसे ग्रामीणों के मंशानुसार शासकीय जमीन में संचालित करने पंचायत प्रस्ताव किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत को भी आर्थिक आय होगा । सचिव सियाराम तारक ने कहा कि पूर्व पंचायत पदाधिकारियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्रामसभा में प्रस्ताव कर ग्राम में अवैध शराब बिक्री के रोकथाम करने के लिए शासकीय शराब दुकान के लिए प्रस्ताव के आधार पर निजी जमीन में खोला गया है वर्तमान पंचायत निजी जमीन के स्थान पर शासकीय जमीन में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव किए है लेकिन प्रताव में जगह का चयन नहीं हुआ है अभी सड़क किनारे तालाब पार में शासकीय शराब दुकान खोलने के लिए किए जाने की जानकारी मुझे नहीं है ।

## एक नजर

### 25 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 5 मई।** भिलाई वृद्धा आश्रम एवं एनजीओं खोलने पर 25 करोड़ रुपए मिलने का झांसा देकर प्रार्थी से 25 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को नेवई पुलिस ने आन्ध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रार्थी मनेन्द्र साहू ने 15 अक्टूबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी एमण् प्रकाश कुमार निवासी गिद्दलूरी जिला प्रकाशम आन्ध्रप्रदेश ने वृद्धा आश्रम एवं एनजीओं खोलने पर 25 करोड़ रुपए मिलने का झांसा देकर एनजीओं व वृद्धा आश्रम खोलने के लिये प्रोसेसिंग शुल्क व रजिस्टेशन के नाम पर 25 लाख रुपए अलग.अलग किस्तों में रकम लेकर ठगी की रिपोर्ट पर मामले में नेवई पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया प्रकरण का आरोपी एम प्रकाश कुमार पुलिस से छिप रहा था पुलिस उसकी तलाश कर रही थी थाना प्रभारी नेवई राहुल बसंल के नेतृत्व में आरोपी एमण् प्रकाश ;52 वर्षद्ध को पकड़ने टीम गठित की टीम को आन्ध्रप्रदेश रवाना किया आरोपी को पकड़कर पूछताछ की आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया और रकम को खर्च होना बताया ।

### गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 5 मई।** भिलाई बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी के पास पुड़िया में गांजा बेचते हुए एक आरोपी को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया उसके निशानदेही पर एक महिला को पकड़ा जिसने अपने घर में गांजा को डंप किया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नेवई थाना पुलिस को सूचना मिली कि मौहारी नर्सरी के पास एक व्यक्ति गांजा की बिक्री कर रहा है। टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। आरोपी बीआरपी चौक निवासी एम कामेश राव (47 साल) पकड़ा गया उसके पास से 1 किलो 280 ग्राम गांजा मिला उसे पुड़िया बनाकर बेच रहा था। पूछताछ में उसने महिला की नाम उगला, जिससे गांजा लेकर बिक्री करता है। टीम ने उसके निशानदेही पर मौहारी मरोदा निवासी यशोदा सिंह (34 साल ) के घर में दबिश दी। यशोदा से पूछताछ पति प्रभुनाथ सिंह द्वारा गांजा लाकर घर रखना बताया उसके घर की तलाशी ली एक बोरी में गांजा को छुपाकर रखी थी। उसके घर से 3 किलो 452 ग्राम गांजा जब्त किया इसके अलावा 10 हजार गांजा बिक्री रकम, एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन और स्कूटी जब्त किया ।

### शराब बेचते हुए युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 5 मई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र के अवैध रुप से शराब बेचते हुए एक आरोपी को मोहननगर पुलिस ने पकड़ा उसके कब्जे से 39 पौवा देशी शराब जब्त किया है मोहन नगर टीआई शिव चन्द्रा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि आम जगह धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग के पास लक्की मरकाम ;23 वर्षद्ध निवासी सिकोला भाठा दुर्ग एक सफेद बोरी के अंदर अवैध शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर पुलिस मौक पर पहुंची उसे पकड़कर उसके पास से 20 पौवा शोले एवं 19 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया है ।

### महिला का मंगलसूत्र छीना

**भिलाई, 5 मई।** भिलाई फूल तोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाश पहुंचा और उसके गले से मंगलसूत्र खींचकर भाग गया बताया जाता है कि वर्तमान में मंगलसूत्र की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए से अधिक होगी भिलाई नगर पुलिस मामले में धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि बताया कि 3 मई की सुबह 6 बजे की घटना है। सेक्टर-8, ब्लाक-1, क्वार्टर 1/बी निवासी पवन कुमार (42 साल ) ने भिलाई नगर थाना में शिकायत की। सुबह 6 बजे उसकी बुजुर्ग मां विमला सिंह (70 सगल ) फूल तोड़कर घर लौट रही थी तभी उसी समय काले रंग की बाइक पर युवक पहुंचा बाइक को खड़ी किया और मां को घेर लिया उसके गले में हाथ मारकर मंगलसूत्र खींच लिए इसके बाद मौके से भाग गए मंगलसूत्र में 3 सोने के लॉकेट और मोती दाना से गुथा था वाकर से धक्का देकर गिरा दिया बदमाश विमला वाकर लेकर चलती है बदमाशों ने पहले उन्हें धक्का देकर गिरा दिया इसके बाद गले से मंगलसूत्र छीनकर भागा बुजुर्ग चिल्लाती रही तब तक आरोपी भाग गया आरोपी की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ।

### भिलाई जिला संघ ने निकाली स्काउट गाइड साइकिल रैली

**भिलाई।** बीएसपी शिक्षा विभाग जिला संघ भिलाई की ओर से स्काउट गाइड की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में साइकिल रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने साइकिल से सवारी करते हुए पर्यावरण', सुरक्षा व संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संदेश दिया। बच्चों ने भिलाई विद्यालय से आगे जाकर पूरे परिवेश को तन मन धन, सवसे ऊपर वन' नारे से गुंजायमान कर दिया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारीगण, शिक्षक एवं पालक सम्मिलित हुए। भिलाई संघ के इस आयोजन में प्रमुख रुप से सरिता शाक्य जिला सचिव, डी.ओ सी गाइड कीर्तिलता देशमुख डी.ओ.सी. स्काउट सत्य नारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा डी.टी.सी. वंदना सोनवाने डी.टी.सी., मीनाक्षी अय्यर, रजनी रजक अविनाश चंद्र शील, वरिष्ठ व्याख्याता, डी. के. साहू और श्रवण कुमार साहू आदि ने कार्यक्रम में भागीदारी क़ी।

## इंडियन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मार्शल आर्ट का किया शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** इंडियन पब्लिक स्कूल मरोदा मे स्कूल के डायरेक्टर एच पी एस उप्पल के निर्देश पर शाला की प्राचार्या हरविंदर कौर उप्पल व प्रधान अध्यापिका बतेशा रानी के मार्गदर्शन मे शाला के पीटीआई राम किशोर साहू के सहयोग से फूल कौन्टेक्ट कराते



की ख्याति प्राप्त संस्था कारा कु जू बो काई कान कराते की ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक सिम्पाई विधि मिश्रा के द्वारा मार्शल आट्र्स की बेसिक जानकारी से अवगत के साथ ही छात्र व छात्राओ ने समर कैम्प के समापन समारोह मे मार्शल आर्टस का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का सभी ने सराहा और प्रशिक्षक विधि मिश्रा को बधाई दी। विधि मिश्रा फुल कॉन्टेक्ट कराते के मशहूर प्रशिक्षक सेन्साई गिरी राव के संस्था मे फुल कॉन्टेक्ट कराते व किक बॉक्सिंग का अभ्यास करती है। विधि मिश्रा को शाला प्रबंधन ने भी शुभकामनायें दी ।

### सम्मानित



**उतई।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही में कर्मा जयंती समारोह के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण ज्ञानदीप पुरस्कार से पुरस्कृत प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू को शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा विभाग को गौरवान्वित करने के साथ साथ साहू समाज को भी गौरवान्वित करने में अहम भूमिका के लिए तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा प्रतिक चिन्ह एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।

### जाम समस्या हल करने आप ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर लगातार लगने वाले यातायात जाम की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप और ठोस समाधान की मांग की है। पार्टी प्रतिनिधियों ने जिलाधीश अभिजीत सिंह के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नागरिकों की इस गंभीर परेशानी की ओर ध्यान आकर्षित किया। आम आदमी पार्टी के देविंदर सिंह भाटिया और संजीत विश्वकर्मा ने बताया कि दुर्ग जिले के इस प्रमुख रेलवे स्टेशन के संकरे प्रवेश मार्ग पर अनियंत्रित यातायात और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यात्रियों, कामकाजी लोगों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को रोज़ाना भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## पुलिस ने छापा मारकर जुआ खेलते हुए 15 लोगों को पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 मई।** अमलेश्वर थाना क्षेत्र में ग्राम खुड़मुड़ा स्थित सार्वजनिक स्थान गोपा बाड़ी में बीती रात जुआ के फड़ में पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में कांग्रेस नेता मोरध्वज उर्फ मोनू साहू सहित 15 जुआरी सपड़ में आए। जुआ के फड़ में पुलिस के हत्थे चढ़ा मोरध्वज उर्फ मोनू साहू कुछ महीने पहले हुए अमलेश्वर नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी रह चुका है। पकड़े गए कईं जुआरी राजधानी रायपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन जुआरियों से ताश की पत्तियां और 1 लाख 24 हजार रुपए जब्त किया है। सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है अमलेश्वर टीआई ममता अली शर्मा को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की खुले स्थान आम जगह गोपा बाड़ी ग्राम खुडमुड़ा के पास कुछ व्यक्ति रूपए पैसे का हारजीत का दांव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआं खेल रहे है। सूचना पुख्ता होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया। रेड की कार्यवाही के दौरान कुछ जुआरी पुलिस को आता देखकर भाग गए। पकड़े गए जुआरी सुरेश



बिजवानी, पवन सोनकर, दुर्गेश विश्वकर्मा, महेन्द्र वर्मा, सुरेश कुमार, रामू ताण्डी, राजेश चंद्रवंशी, उमेश यादव, डीकू सोनकर उर्फ डिकेश्वर, ईश्वर सोनकर, चुम्मन देवांगन, हेमलाल निषाद, दीपक वर्मा, दीपक ध्रुव, मोनू उर्फ मोरध्वज साहू सभी के फड़ से 1 लाख 500 रूपए व पास से 23 हजार 500 रुपए कुल मिलाकर 1 लाख 24 हजार रूपए एवं 52 पत्ती ताश, एक दरी, मोमबत्ती एवं माचिस को गवाहों के समक्ष जब्त कर कब्जे में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा सक्षम जमानत पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया जुआ खेलने के आरोप में मौके से पकड़े गए लोगों में सुरेश बिजवानी पिता किशन चंद बिजवानी ( 30 वर्ष ) निवासी शिवम विहार थाना डीडीनगर जिला रायपुर, पवन सोनकर पिता नीलकंठ सोनकर ( 38 वर्ष ) निवासी भाठागांव चौक वार्ड क्र. 61 राम मंदिर के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, दुर्गेश विश्वकर्मा पिता शिवशंकर विश्वकर्मा ( 35 वर्ष ) निवासी वार्ड क्रमांक 61 केसरी बगीचा भाठागांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, महेन्द्र वर्मा पिता केएल वर्मा ( 45 वर्ष ) निवासी ब्रम्हदेव कालोनी भाठागांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, सुरेश कुमार पिता कहर कुमार ( 40 वर्ष ) निवासी ब्रम्हदेव कालोनी भाठागांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, रामू ताण्डी पिता धनेश्वर ताण्डी ( 40 वर्ष ) निवासी अवंती विहार विजय नगर थाना खम्हारडीह जिला रायपुर, राजेश चंद्रवंशी पिता मुखीराम चंद्रवंशी ( 45 वर्ष ) निवासी सेक्टर 01 प्रोफेसर कालोनी थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, उमेश यादव पिता वासुदेव यादव ( 39 वर्ष ) निवासी भाठागांव हिरापारा दंतेश्वरी मंदिर के पास थाना डीडीनगर जिला रायपुर, डिकू सोनकर उर्फ डिकेश्वर पिता मोहन लाल सोनकर ( 31 वर्ष ) निवासी ग्राम खुड़मुड़ा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग, ईश्वर सोनकर पिता स्व. बजारू राम सोनकर ( 29 वर्ष ) निवासी ग्राम खुड़मुड़ा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग, चुम्मन देवांगन पिता चम्पा लाल देवांगन ( 48 वर्ष ) निवासी भाठागांव अवधपूरी थाना टिकरापारा जिला रायपुर, हेमलाल निषाद पिता मनीराम निषाद ( 40 वर्ष ) निवासी कचना पीएम आवास थाना विधानसभा जिला रायपुर, दीपक वर्मा पिता लक्ष्मण प्रसाद वर्मा ( 38 वर्ष ) निवासी रायपुरा शिवम स्कूल के पास थाना डीडीनगर रायपुर, दीपक ध्रुव पिता स्व. बुंदेल सिंह ध्रुव ( 42 वर्ष ) निवासी कुशालपुर शासकीय प्राथमिक शाला के पास थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर, मोनू उर्फ मोरध्वज साहू पिता खोमलाल साहू उम्र 36 साल निवासी वुड आई लैण्ड कालोनी अमलेश्वर थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग शामिल हैं

## हटरी बाजार में चला निगम का बुलडोजर 30 से ज्यादा अतिक्रमण हटाए गए



**दुर्ग।** निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर आज तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चली। निगम की टीम ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र हटरी बाजार लाइन दुकानों के ऊपर टीन सेट अनाज लाइन,पटवा लाइन,चंडी मंदिर क्षेत्र प्रेस सहित टीन सेट सहित त्रिपाल लगाकर बना लिए गए को हटाया गया। इसके अलावा नया पारा चौक में भी अतिक्रमण की कार्यवाही की गई है। बाहर निकाल कर व्यवसाय करने वालो के विरुद्ध समान जब्ती की कार्यवाही की गई है। साथ ही रोड में फैला कर व्यवसाय करने वालो को लगातार चेतावनी दी जा रही है। कल से सामान जब्ती की कार्यवाही होगी, जिसमे किसी प्रकार की सुनवाई के मौका नही दिया जाएगा। अतिक्रमण के कार्यवाही के दौरान बाजार अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निगम की टीम के साथ लाउड स्पीकर पर व्यवसाइयों से कब्जे हटाने में सहयोग की अपील की,कईं दुकानदार स्वयं निकलना शुरू कर दिया। इस दौरान बाजार अधिकारी शुभम गोईर,अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के अलावा के बाजार विभाग के ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित निगम की टीम मौजूद रहे। अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेंगी,कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस मौजूद रहें।

## एससी,एसटी इम्प्लाई एसोसिएशन ने बाबा साहेब की जयंती मनाई



**भिलाई, 5 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी इम्प. एसोसिएशन भिलाई द्वारा डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर भवन सेक्टर 06 स्थित डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर की 134 वी जयंती समारोह के पावन पर्व पर अनुसुचित जाति/ अनुसुचित जन जाति/ ओबीसी अल्पसंख्यक वर्गों का सामाजिक कन्वेंशन के माध्यम से डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि एम के. अभिमन्यु अध्यक्ष सेल एससी एसटी इम्प फैडरेशन बोकारो युनिट, सेल फैडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष बाबा मून चन्दपुर, जय प्रकाश (राची) महासचिव सेल एससी एसटी इम्प फैडरेशन नई दिल्ली, आल इडियां एससी एसटी इम्पा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनिल रामटेके, रंजित प्रसाद, सहायक महासचिव एससी एसटी इम्पा फैडरेशन दुर्गापुर युनिट सहित भिलाई दुर्ग के सामाजिक संस्था प्रमुख रूप से श्रीमती चन्द्रीका रावटे भिलाई महिला प्रभाग भिलाई आदीवासी समाज, श्रीमती गोदावरी व्यास सतनामी समाज, सुनिता रात्रे, सज्जाद हुसैन मुस्लिम समाज भिलाई, एस एस गिल सिक्ख समाज, बेनिराम रावटे मेहर समाज, श्याम लाल साहु आदि थे।

## संगठन की ताकत भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ता है:सुरेंद्र कौशिक

**दुर्ग, 5 मई।** जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का संगठनात्मक मंडल दौरा कार्यक्रम की कड़ी में अमलेश्वर मंडल में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ आयोजित बैठक में मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमानी चंद्राकर युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू शुभम शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव



कार्यकर्ताओं की परिश्रम और मेहनत के चलते सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर है भारतीय जनता पार्टी सदैव पंच निष्ठा के आधार पर कार्य करती है और सदैव राष्ट्रवादी विचारधारा हमें देश को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रेरित करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश को सदैव विश्व के सामने अग्रिम पंक्ति की ओर रखा है और हमें गर्व होना चाहिए कि हम उसे पार्टी के कार्यकर्ता है जिस पार्टी में नरेंद्र मोदी जैसे विश्व के सर्वमान्य नेता है आप सभी से आग्रह करता हूं संगठन के द्वारा जो भी कार्य हमें दिया जाता है सदैव पूरी ईमानदारी के साथ हमें पूर्ण करना है साथ ही साथ हम सब का दायित्व बनता है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार की जनहित करी विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल सके इस सभी का आप सबको चिंतन करना है आप सभी की परेशानी मेरी परेशानी है जिला का अध्यक्ष होने के नाते आप सभी की समस्याओं का समाधान हो सके ऐसा मेरा प्रयास सदैव रहेगा। आयोजित बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने भी संबोधित किया । आयोजित बैठक में रजनीश श्रीवास्तव विनय महोबिया, अरुण सिंह रितेश शर्मा नवीन पवार तेखन सिंह राहुल दीवान जितेंद्र साहू फलेंद्र यादव चंद्रकांत साहू हिमांशु सिंह निरंजन दुबे,कैलाश यादव, रूपेंद्र साहू, रवि सिंगौर, घनश्याम कौशिक, लक्ष्मण यादव, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता की समस्या का समयबद्ध समाधान सुशासन तिहार का उद्देश्य:कलेक्टर

**दुर्ग, 5 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य-आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। उक्त बातें कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बी.के. दुबे, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त एस.के. अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती लता उर्वशा एवं श्रीमती सिल्ली थॉमस, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता,उपसंचालक जनसंपर्क एम एस सोरी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पत्रकारों को सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण की शुरुवात की जानकारी देते हुए कहा कि सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय (अनुविभागीय अधिकारी, तहसील, जनपद एवं ग्राम पंचायतों) के स्तर पर की गई थी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि दुर्ग जिले में कुल 119650 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 115489 मांग एवं 4161 शिकायतें थी। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति मांगों की 103555 (98.17 प्रतिशत) व शिकायतों की 2897 (69.62 प्रतिशत) आवेदन निराकृत है। इस प्रकार कुल 106452 (88.97 प्रतिशत) आवेदनों का निराकरण हो गया है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है साथ ही प्राथमिकता क्रम भी तय किया जा रहा है ताकि भविष्य में बजट उपलब्ध होने पर उच्च प्राथमिकता के कार्यों की स्वीकृति की जा सके। काफी मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं, जिनके बारे में राज्य सरकार भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह कर रही है। इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगें पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगी, विदित हो कि इसी अवधि में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे परिवार जिनका नाम आवास की किसी भी सूची में सम्मिलित नहीं है, ऐसे परिवारों को आवास प्लस 2.0 सर्वे के माध्यम से कुल 88480 हितग्राहियों का नाम जोड़ा जा चुका है। मोर दुआर साय सरकार महा अभियान के तहत विशेष पखवाड़ा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच चलाया गया जिसमें जिले में सहायता प्राप्त सर्वे 48053 एवं स्वयं द्वारा 4756 कुल 52809 हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 73 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर भी उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे, और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री साय ने मंडला के रामनगर में किया सातवें आदि उत्सव का शुभारंभ

■ मंडला के रामनगर में किया सातवे आदि उत्सव का शुभारंभ



**रायपुर, 5 मई।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले के रामनगर में आदि उत्सव का भव्य शुभारंभ रविवार 4 मई को माँ नर्मदा के तट पर हुआ। सातवे आदि उत्सव के शुभारंभ अवसर पर देशभर से आए अतिथियों ने उत्सव की शोभा बढ़ाई। शुभारंभ दिवस पर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय जनजातीय मंत्री श्री जुएल ओराम, लोकसभा सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। दो दिवसीय इस उत्सव के प्रथम दिवस में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महा आरोग्य शिविर तथा निःशक्तजन के कल्याण के लिए एमिल्को के सहयोग से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हुए अतिथियों द्वारा महा आरोग्य शिविर, दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदाय करने हेतु एमिल्को के सहयोग से लगाए गए सहायक उपकरण वितरण शिविर तथा मिलेट फेस्टिवल का अवलोकन किया गया। आदिवासी गुदुम दल, आदिवासी नृत्य एवं अन्य आदिवासी लोक संस्कृति के सांस्कृतिक आयोजनों ने लोगों का मन मोह लिया। दोपहर बाद उत्सव में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। उत्सव के दौरान शासन के विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के स्टॉल प्रदर्शित किए गए, इसके अलावा कृषि विभाग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से फूड स्टॉल लगाए गए। आदि उत्सव के प्रथम दिवस पर जिले एवं जिले के बाहर से आदिवासी परंपरा एवं पूजा पद्धतियों को संभालने वाले पंडा तथा भुमका भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एक नजर

### गांव-गांव में नीर और नारी की जल यात्रा का आगाज



**राजनांदगांव 05 मई।** जल है तो जीवन है कि गूंज पूरे राजनांदगांव जिले में सुनाई दे रही है। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण का संदेश देते हुए यह काफिला आगे बढ़ रहा है। नीर और नारी जल यात्रा, राजनांदगांव जिले के हर गांव में जल और जीवन के बीच के अटूट रिश्ते को पुनः स्थापित करने का संकल्प लेकर निकल पड़ी है। इस अभियान ने अब तक 50 से अधिक ग्राम पंचायतों को न केवल जागरूक किया है, बल्कि जल संरक्षण के लिए सशक्त प्रयास भी कर रही हैं। महिलाएं तपती धूप की परवाह किए बिना, दृढ़ संकल्प के साथ जल है, तो जीवन है का संदेश लेकर निकल पड़ी हैं। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव ने पानी बचाने, पर्यावरण संरक्षण, वैकल्पिक खेती, स्थानीय जल संरचनाओं के निर्माण की जानकारी दे रही हैं। श्रीमती फूलबासन यादव ने कहा कि रबी के मौसम में धान की खेती ने गांव का जलस्तर समाप्त कर दिया है। हमें अपनी परंपरा और भविष्य के बीच संतुलन बैठाना होगा। अब वक्त है धान से हटकर वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ना है। माँ बम्लेश्वरी महिला समूह, बिहान समूह, बिहान कैडर, जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से महिलाओं ने पर्कोलेशन टैंक, सोख्ता गड्ढा, नाला बंधान, पौधारोपण जैसे जल-संरक्षण के ठोस उपायों को लोगों के बीच सरल तरीके से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में जब पूरे गांव ने एक स्वर में कहा कि हम जल बचाएंगे, पौधे लगाएंगे, एक-एक बूंद की रक्षा करेंगे, तो वो सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि आने वाले समय के लिए एक वचन था। जिले में नीर और नारी जल यात्रा अब एक आन्दोलन का रूप ले चुकी है। यह सिर्फ महिलाओं का नेतृत्व नहीं, बल्कि पूरे समाज को दिशा देने वाला एक उदाहरण है। जब गांव की महिलाएं जागती हैं, तो समाज की चेतना भी जागती है। यह जल यात्रा नहीं, यह भविष्य की यात्रा है। आइए इससे जुड़िए और पानी को बचाइए, जीवन को सजाइए।

### जल है तो कल है की रूपरेखा तैयार कर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने की मांग

**राजिम, 5 मई।** भू जल स्तर की कमी एवं पेयजल की कमी की समस्याओं को भविष्य के उपयोगिता एवं भविष्य में होने वाले पानी के किल्लत को देखते हुए जिला पंचायत के प्रथम सामान्य की बैठक में मांग एवं प्रस्ताव में रखा गया जिसमें पानी बचाने से ज्यादा पानी इकट्ठा करने की जरुरत को देखते हुए हर ग्राम पंचायत के समस्त सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को स्थापित किये जाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाली हर आवास में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को स्थापित कर एक नियम बनाकर अनिवार्य करने पर जोर देने जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक ने सामान्य सभा की बैठक मे रखा जल है ताकि आने वाले समय में पेयजल की कमी न हो वाटर लेवल बना रहे देखा जाए तो गली मोहल्ले कांक्रीटीकरण हों जाने से बारिश का जल गिरकर नदी नाला में बह जाते हैं उस जल को हार्वेस्टिंग सिस्टम से संरक्षित किया जा सकता है जल है तो कल है की रूपरेखा तैयार कर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लागू करने की मांग की है।

### स्थानीय व्यवसायियों के लिए साथी बाजार में एक स्वर्णिम अवसर

**राजनांदगांव 05 मई।** साथी बाजार के संबंध में 5 मई 2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्री बीड बैठक आयोजित की गई है। बैठक में साथी बाजार में अलग-अलग श्रेणी एवं साइज की दुकानों हेतु आवेदन की प्रक्रिया और चयन के मापदंड, नियम शर्त सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी जाएगी। बैठक में अधिक से अधिक स्थानीय व्यवसाईयों तथा शहरी एवं ग्रामीण समूहों, कृषि उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन राजनंदगांव, नाफेड एवं कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से राजनांदगांव जिले के मंडी परिसर में जल्द ही साथी बाजार का संचालन किया जाएगा।

## विष्णु के सुशासन में होगा समस्याओं का त्वरित समाधानः संजय सिन्हा

■ 5 मई को छुरिया विकासखंड के करमरी में लगेगा समाधान शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 5 मई।** जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि छुरिया जनपद पंचायत अंतर्गत एक सौ अठारह ग्राम पंचायतों में मान विष्णु देव साय जी के सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों ने अपने समस्याओं , पुल पुलिया,भवन,रोड,सहित अनेक मांगो के लिए कुल पच्चीस हजार आवेदन जनपद पंचायत छुरिया को प्राप्त हूवा है,इसमें से जनपद पंचायत से जुड़े आवेदनों को छोड़ अन्य विभाग के लिए आठ हजार तीन सौ बाइस आवेदन प्राप्त हुवे है , शेष सोलह हजार छः सौ अठत्तर में से चौदह हजार आठ सौ अटाइस आवेदन को जनपद पंचायत छुरिया ने निराकृत किया है । जो काफी प्रशंसनीय है,जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियों ने सुबह नौ बजे से रात्रि नौ बजे तक एक एक आवेदन का जांच कर निराकृत करने का प्रयास किया है, शेष अटारह सौ पचास आवेदन को उच्च कार्यालय को निराकरण के लिए भेजे गए है ।उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार सुशासन की दिशा में काम कर रही है । योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे,इसके लिए परदर्शिता और निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन रहा है,इसका मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को उनके नजदीक जाकर समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की भी समीक्षा कर विकास कार्यों में तेजी लाना है । छुरिया विकासखंड में 10 अलग अलग स्थानों पर समाधान शिविर का आयोजन होना है,प्रथम शिविर का आयोजन करमरी ग्रामपंचायत में होगा ,इस शिविर में आवेदक अपने आवेदन के निराकरण के संबंध में जानकारी पा सकते हैं।

## भगवान का स्मरण करने से सभी कष्ट होते हैं दूर : विक्रांत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़, 5 मई।** अंचल के ग्राम बिड़ौरी में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में केसीजी जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। उन्होंने आयोजन में शामिल होकर रामायण पुराण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की तथा कथावाचक को श्रीफल भेंट कर सम्मान किये। इस अवसर पर आयोजक समिति ने जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। भगवान राम का जीवन हमारे समाज के लिए एक आदर्श है। श्रीराम के जीवन के हर पहलू से एक नई सीख मिलती है। उनका जीवन हमारा सही मार्गदर्शन करता है। भगवान श्रीराम ने न केवल एक शिष्य के रूप में बल्कि एक पुत्र के रूप में, एक भाई के रूप में तथा एक राजा के रूप में समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। जीवन में आने वाली परेशानियों एवं कष्टों के निवारण के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ भगवान का स्मरण करें और विद्वान एवं सिद्ध संत महात्माओं के दिखाए सत्य मार्ग का अनुसरण करें।

## आध्यात्मिक आनन्द प्राप्त करने बदरीनाथ धाम की यात्रा करना जरूरी : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



**रायपुर, 5 मई।** वैशाख शुक्ल सप्तमी तदनुसार दिनांक 4 मई 2025 को प्रातः 6 बजे भूवैकुण्ठ के सर्वस्व भगवान बदरीनाथ जी के कपाट का उद्घाटन हो गया। कपाट खुलने के पूर्व धर्माधिकारी श्री राधाकृष्ण थपलियाल जी द्वारा पंचांग पूजन सम्पन्न किया गया। फिर तय समय पर मन्दिर द्वार खोल दिए गए। ज्योतिर्मठ के 55वें शंकराचार्य परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूज्यपाद शंकराचार्य महाराज जी ने सनातन धर्मियों को सन्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में यहां आकर लोग भगवान बदरीनाथ का दर्शन करें, तीर्थाटन की दृष्टिकोण से आएं, कष्ट सहने की भावना रखें, यात्रा के समय खान-पान पर विशेष ध्यान रखें, मौन रहें और निरन्तर भगवन्नाम संकीर्तन करते हुए भगवान के दर्शन करें। साथ ही पर्यावरण को कोई नुकसान ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

पूज्य शंकराचार्य जी महाराज ने आगे कहा कि यहां आकर हम सबको आध्यात्मिक आनन्द प्राप्त करना चाहिए, आध्यात्मिक आनन्द और लौकिक में केवल इतना अन्तर है कि लौकिक आनन्द क्षणिक है और आध्यात्मिक आनन्द पूरे जीवन भर हमें शान्ति प्रदान करता है, उस अनुभूति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता इसलिए यहां आकर इस को अनुभूत करना चाहिए। अगले छह महीने तक मनुष्यों की ओर से मुख्य पुजारी श्री अमरनाथ नम्बूदरी जी भगवान बदरीविशाल की पूजा करेंगे।

## ज़रूरत छोटी हो या बड़ी सुशासन तिहार में सब होंगी पूरीः किरण



**छुरिया, 5 मई।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि संवाद से समाधान का सफ़र तीसरे चरण में पहुंच चुकी है 5 मई से होगी सुशासन तिहार के तीसरे चरण की शुरुआत, खुद छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं जनता के बीच पहुंचेगे। राजनांदगांव जिले में भी सुशासन तिहार की शुरुआत हो रही है। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी व छत्तीसगढ़ में विष्णु का सुशासन है। निश्चित रूप से सुशासन तिहार में जितने भी आवेदन आये है।ज़रूरत छोटी हो या बड़ी सुशासन तिहार में सब होंगी पूरी। छोटी छोटी समस्या जैसे श्रमिक कार्ड, राशनकार्ड, जैसे समस्याएं का निराकरण हो चुका है।छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास की दिशा में अग्रसर हो रहा है। कांग्रेस ने 05 साल से छत्तीसगढ़ को सिर्फ लूटने का काम किया है। विकास के नाम पर छलावा किया, जबकी भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ ने जन आकांक्षाओं को सर्वोपरी मानते हुए सुशासन तिहार में आवेदन लेकर उसके समाधान के लिए दृढ़ संकल्पित है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अनेको योजना गांव गरीब किसान महिलाओं के लिए लाई जिससे छत्तीसगढ़ को एक अलग पहचान मिली।

## स्वच्छता तिहार, नाला में बोरी बंधान तथा जल संगोष्ठी का हुआ आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 5 मई।** जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मासूलकसा के आश्रित ग्राम आमाकट्टा में जल संवर्धन के तहत नाला में बोरी बंधान, जल संगोष्ठी एवं स्वच्छता तिहार का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने अभियान चलाकर ग्राम की सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाबों का श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। गांव में बहने वाली बरसाती नाले में ग्रामीणों ने श्रमदान करके बोरी बंधान किया।

## समाचार संक्षेप

### सुशासन तिहार से जनता की समस्या का हो रहा त्वरित समाधान



■ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नीरा बाई का हुआ सपना साकार

**धमतरी, 5 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार की ÷सुशासन तिहार-2025÷ पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नेतृत्व में चल रही इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के विकासखण्ड कुरुद् के ग्राम गातापार निवासी नीरा बाई साहू इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। उन्होंने 14 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना आवेदन सुशासन तिहार शिविर में प्रस्तुत किया था। शासन की तत्परता का परिचय देते हुए संबंधित विभाग द्वारा 24 अप्रैल को उनके घर का आवास प्लस सर्वेक्षण किया गया और महज दो दिन बाद 26 अप्रैल को उनकी समस्या का निराकरण कर दिया गया। नीरा बाई साहू की समस्या का समाधान होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने ÷मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई इस पहल को सराहनीय बताया। इससे न सिर्फ हमें सरकार से जोड़ने का काम किया है, बल्कि नीरा बाई का पक्का मकान पाने का सपना अब साकार होने जा रहा है।

### रंग संस्कार महोत्सव में रोज किया जाएगा दो नाटकों का प्रदर्शन

**रायपुर, 5 मई।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकार स्व. अशोक चंद्राकर जी की स्मृति में आयोजित होने वाले रंग संस्कार महोत्सव रायपुर के द्वितीय वर्ष के त्रिदिवसीय आयोजन की आवश्यक बैठक महोत्सव के संरक्षक पद्मश्री अनुज शर्मा जी की उपस्थिति में संपन्न हुई। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक श्री योगेश अग्रवाल जी , संस्कार भारती महानगर रायपुर इकाई के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा , महोत्सव के छः नाट्य निर्देशक , प्रांतीय पदाधिकारी और रायपुर महानगर इकाई के सदस्यों की उपस्थिति में महोत्सव की रचना एवं अभी तक की तैयारी के संबंध में प्रांतीय महामंत्री श्री हेमन्त माहुलीकर ने सबको अवगत कराया । दिनांक 16 - 17 - 18 मई 2025 के त्रिदिवसीय महोत्सव में रोज दो नाटकों का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी को आमंत्रण देने के लिए शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने जाएगा। महोत्सव में देश के प्रसिद्ध फिल्म कलाकार मनोज जोशी की उपस्थिति का भी प्रयास किया जा रहा है।

### तेरापंथ युवक परिषद ने पिकनिक का आयोजन किया



**रायपुर, 5 मई।** समाज में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भागदौड़ भरी जिंदगी में परिवारों के पारस्परिक संबंध को और प्रगाढ़ करते हुए मेल-मिलाप को ध्यानार्थ करते हुए तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर ने मनोरंजन से भरपूर पूरे परिवार के लिए 04/05/2025, रविवार को रायपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर, दुर्ग में पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें सम्मिलित परिवारजनों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद लेते हुए अनेक आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बन आकर्षक पुरस्कार प्राप्त किए। तेयुप ने पिकनिक में समय-समय पर जैनत्व से भरपूर स्वादिष्ट व्यंजनों की बगीया भी सजाई जिसका स्वाद भी सम्भागीयों ने लिया। आयोजन में विशेष योगदान वीरेंद्र डागा, रिशव जैन, विनय गुलगुलिया, विनय भूतोडिया, गणेश बोथरा का रहा।

### जलाल बाग में उर्स आयोजन किया गया



**राजनांदगांव, 5 मई।** शहर में पारीं नाला जी ई रोड स्थित सैयद जलालुद्दीन शाह की दरगाह में चार दिन उर्स का शानदार आयोजन किया गया। उर्स कमेटी के सदर मोहम्मद इरफान शेख ने उर्स के अमन चैन के साथ संपन्न होने पर पुलिस बल सहित समस्त सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया। ज्ञात हो कि हज़रत बाबा सैयद जलालुद्दीन शाह र.अ (पारीं नाला) राजनंदगांव का विगत दिनों उर्स संपन्न हुआ। जिसमे पुलिस विभाग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही उर्स के समापन होने के बाद दरगाह कमेटी के सदर एव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजनंदगांव के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख एव कमेटी के सदस्यों द्वारा एसपी मोहित गर्ग, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी यीशु अग्रवाल, एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक एव बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर मो. इरफान शेख के साथ मनोज अग्रवाल , नरेश रामटेके , हेमंत राजपूत , अफ़ज़ल ख़ान , ज़हीर अब्बास , इमरान बीबा , हैरी जोसेफ , जुनैद बड़गुज़र, नदीम बड़गुज़ार , भूरू बड़गुजर, रिज़वान बड़गुज़र , अफ़सर ख़ान , शानू , समीर , बशीर ख़ान , इरफ़ान ख़ान, तबरेज ख़ान , अरशद अली , राहुल भोईर , असलम ख़ान , इस्माइल ख़ान यासिनी , मुस्ताक ख़ान , सूफ़ियान ख़ान , शानू हैदर जोया , राजिक ख़ान , वसीम ख़ान , कलाम ख़ान , मज़हर ख़ान , समीर ख़ान, शकील रिजवी , इरफान हनफ़ी, मोहसिन कुरैशी सहित दरगाह कमेटी एव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य एव पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ अध्यक्ष इरफान शेख ने पुलिस बल को दिया धन्यवाद

### महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रहीं: विक्रांत सिंह

**खैरागढ़, 5 मई।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना की 15वीं किस्त विष्णुदेव साय सरकार ने जारी कर दी है। महिलाओं के खाते में डिबीटी के माध्यम से 1-1 हजार रुपए भेजा गया है। केसीजी जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी और



विष्णुदेव के सुशासन से जनता की गारंटी पूरी हो रही है।महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है। उन्होंने योजना के अंतर्गत मिल चुकी 15 किश्त की राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित सभी केबिनेट मंत्रियों का आभार जताया है। विक्रांत सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान भाजपा ने ही किया है। जन धन खाता हो, उज्जवला योजना से सिलेंडर, महिला के नाम राशनकार्ड और महतारी योजना सभी जगह महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार ने चिंता की है। 3100 रुपए में धान खरीदी कर किसानों को उनके फसल का उचित दाम दिलाया। प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर भाजपा सरकार सभी क्षेत्रों में काम कर रही है।

## मनरेगा योजना से 11.69 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

■ आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का गढ़ेंगे सुनहरा भविष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 5 मई।** जिले के कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत दरबा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य क्रमांक 02 के लिए राशि 11 लाख 69 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया। जिला पंचायत धमतरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में संचालित आंगनबाड़ियों को और अधिक बेहतर व सुंदर बनाकर बच्चों एवं गर्भवती माता को सुव्यवस्थित सेवाएं प्रदान की जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रमुख सेवाओं में अनुपूरक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और पोषण शिक्षा इसके अलावा तीन से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विद्यालय पूर्व शिक्षा शामिल है। गर्भवती माता और बच्चों की देखभाल का केंद्र है आंगनबाड़ी। इसके जरिए बच्चों में होने वाले कुपोषण जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा इन केंद्रों को संचालित किया जा रहा है। जिसका प्रतिफल अब दिखाई देने लगा है। प्रदेश में कुपोषण की दर में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। बाल्यावस्था की विभिन्न अवस्थाओं पर बच्चों की आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष रूप से निर्धन और निम्न आयु वर्ग के परिवार के बच्चे प्रारंभिक पढ़ाई करते हैं। शिशुओं के प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य, बाल पोषण विद्यालय, शिक्षा तथा बच्चों के टीकाकरण आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधानुसार की जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र का मतलब है बाल विकास और वृद्धि में सहायता प्रदान करना।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है। इन केन्द्रों की दीवारों को आकर्षक रंगों से रंगकर चित्रकारी की गई है । इससे छोटे बच्चे निश्चित ही सम्मोहित होंगे। वहीं बच्चों के सुनहरे भविष्य को गढ़ेंगे। जिले में कई ऐसे पंचायत हैं जहां बच्चों की संख्या अधिक होने से आंगनबाड़ी केंद्र की महसूस ग्रामीणों द्वारा की जा रही थी। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए मुआयना किया गया। तकनीकी प्राक्कलन हेतु जनपद पंचायत कुरुद को निर्देशित किया गया था।

सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने आगे यह भी बताया कि विकासखंड कुरुद के ग्राम पंचायत दरबा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2024 में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य क्रमांक 02 के लिए राशि 11 लाख 69 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई। आंगनबाड़ी केंद्र बनने के बाद नौनिहाल बच्चे बड़े उत्साह के साथ अ आ इ ई उ ऊ के साथ भविष्य के सुनहरे सपने बुनेंगे। यह सब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कारण संभव हो पाया। आंगनबाड़ी बच्चों के भविष्य के बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।

### सुशासन तिहार में लोगों को मिल रहा फायदा

**धमतरी, 5 मई।** मुख्यमंत्री साय के शासन में आम जनता के समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सुशासन तिहार संचालित की जा रही है। सुशासन तिहार के माध्यम से जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलगांव में राशि -20 लाख रुपए एवं गट्टासिल्ली में राशि -30 लाख रुपए मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण कुमार सार्वा के प्रयास से ग्रामीणों की मांग पर तत्काल सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया।

## संपादकीय

# काम से पता चलता है सरकार की नीयत का

कोई भी सरकार हो वह जब कोई काम करती है तो उसकेकाम से ही उसकी नीयत का पता चल जाता है कि वह क्या करना चाहती है।वह दूसरी सरकार से अलग है और कितनी अलग है। हर सरकार के काम करने का अपना तरीका होता है कुछ सरकारें होती जो लीक पर चलती है,पिछली सरकारें जैसी चलती रही है, वह उसी रास्ते पर चलती रहती है। वह यथास्थितिवादी होती हैं यानी वह किसी तरह का परिवर्तन नहीं चाहती है, इसलिए उनके शासन काल में किसी तरह का कोई खास परिवर्तन नहीं दिखता है। जैसी और सरकारे होती है, वह वैसी ही सरकार होती है। वह जब शासन से हटती है तो जनता को उसकी कमी का एहसास नहीं होता है। क्योंकि वह और सरकार जैसी होती है। लेकिन कोई सरकार जब कुछ नया करती है तो जनता को लगता है कि यह सरकार दूसरी सरकार से अलग है। यह हर क्षेत्र में बदलाव लाकर राज्य की जनता व राज्य का भला करना चाहती है। जैसे पिछली सरकार में हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ है उन मामलों की दूसरी सरकार में जांच हो रही है तो इससे जनता को पता चलता है कि पिछली सरकार में भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में हुआ है उसने भ्रष्टाचार होने दिया है। उसने भ्रष्टाचार होने दिया यही वजह है कि राज्य में इतना ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है कि जितना पहले कभी नहीं हुआ। जब एक सरकार भ्रष्टाचार होने देती है तो दूसरी सरकार चाहे तो उसी लाइन पर चल सकती है लेकिन इससे पहली सरकार व दूसरी सरकार में कोई फर्क नहीं रह जाता है। इससे जनता को लगता है कि उसने दूसरी सरकार को चुनकर गलती की है लेकिन दूसरी सरकार जब भ्रष्टाचार के सारे मामलों की जांच कराती है और ऐसे प्रयास भी करती है कि राज्य में सरकारी स्तर पर पहले जिस तरह भ्रष्टाचार हो रहा था, उस तरह भ्रष्टाचार न हो तो वह सरकार पिछली सरकार से निश्चित रूप से अलग होती है और जनता को भी पता चलता है कि यह सरकार तो वाकई में पहली सरकार से एकदम अलग है। यह पहली सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार की जांच करा रही है और कई लोगों को गिरफ्तार जेल भेज रही है। यही नहीं वह ऐसे प्रयास भी कर रही है कि राज्य में जिस क्षेत्र या विभाग में भ्रष्टाचार को खत्म करना असंभव माना जाता था, उसे खत्म करने की शुरुआत कर रही है। ऐसे प्रयास कर रही हैं पिछली सरकार में जिस तरह जिस विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है कम से कम उस तरह तो भ्रष्टाचार न हो। चाहे पिछली सरकार के समय हुआ कोल परिवहन घोटाला हो, डीएमएफ घोटाला हो, शराब घोटाला हो, पीएससी घोटाला हो, महादेव सट्टा एप घोटाला हो, भारत माला परियोजना घोटाला हो, दवा घोटाला हो या तेंदूपत्ता घोटाला हो,साय सरकार ने इन तमाम घोटाला को गंभीरता से लिया है, उनकी जांच कराई जा रही है। जहां जरूरी है गिरफ्तारी की गई है, लोगों को जेल भेजा गया है। इसी के साथ जिस विभाग में यह घोटाले हुए हैं, उनमें इस तरह के घोटाले न हो इसके लिए व्यवस्था की गई है या की जा रही है या आने वाले दिनों में की जाने वाली है। शराब घोटाला न हो इसके लिए ऐसी व्यवस्था की गई है कि होलोग्राम की कोई नकल न की जा सके। पीएससी में ऐसी व्यवस्था की गई की कोई अफसर अपने लोगों को पास कराने या नियुक्ति करवानें किसी तरह का गड़बड़ी न कर सके।महादेव सट्टा एप में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और निरंतर कार्रवाई की जा रही है।भारत माला परियोजना में जिस तरह घोटाला किया गया है, उसकी जांच कर दोषी लोगों को पकड़ा जा रहा है, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है ताकि भविष्य में कोई ऐसा घोटाला यह सोचकर न करे कि ऐसे मामले में किस तरह कड़ी कार्रवाई की जाती है। तेंदूपत्ता घोटाले में यह पता चला कि नगद भुगतान के कारण यह घोटाला हुआ हैतो सरकार ने नगर भुगतान की व्यवस्था कर घोटाला न हो ऐसी व्यवस्था की है। इसी तरह जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सरकार ने सुधार किया है। साय सरकार ने राज्य की जनता को सुशासन का वादा किया था और वह ऐसा कर भी रही है।117 साल बाद एक्ट में बदलाव कर जमीन रजिस्ट्री नई व्यवस्था की गई है।सौ साल पुरानी व्यवस्था में सुधार की जरूरत तो आजादी के बाद से थी लेकिन इसे किया नहीं जा रहा था, साय सरकार ने इस बात को समझा की इस पुरानी व्यवस्था के कारण राज्य में भ्रष्टाचार फैला हुआ है और इससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।साय सरकार ्दवारा जमीन रजिस्ट्री की व्यवस्था में सुधार किए जाने के कारण अब लोगों को कई दिनों तक रजिस्ट्री आफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और कर्मचारियों को पैसा नहीं देना पड़ेगा। जैसे ही जमीन की रजिस्ट्री होगी, वैसे ही नामांतरण हो जाएगा। इस सुविधा को प्रारंभ करने के मौके पर सीएम साय ने सच कहा है कि सरकार आफलाईन व्यवस्था बंद कर राज्य में भ्रष्टाचार के रास्ते बंद कर रही है। ऐसा करना जरूरी भी है क्योंकि अब तक भ्रष्टाचार जिन रास्तों से होता था, माना जाता था कि उसे बंद नहीं किया जा सकता यानी उसे बंद किया जाएगा तो काम नहीं होगा। पहले तकनीक नहीं थी तो ऐसा संभव था लेकिन जब से नई तकनीक आई है और कई राज्यों में तकनीक का प्रयोग कर रजिस्ट्री कराने में भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया गया है, इससे रजिस्ट्री में अब पहले की तरह भ्रष्टाचार की संभावना नहीं रह गई है।पुरानी व्यवस्था में कई जगह किसी की संपत्ति कोई दूसरा बेच देता था अब नई व्यवस्था में ऐसा नहीं होगा, नगद लेने देने होने के कारण भ्रष्टाचार की पूरी गुंजाइश होती थी, इसे आनलाइन भुगतान की सुविधा कर समाप्त किया गया है, लोगों को रजिस्ट्री की कोई जानकारी आसानी से नहीं मिलती थी और वाटसअप के जरिए नोटिफिकेशन मिलेगा रजिस्ट्री प्रगति की जानकारी मिलेगी।शासन व निजी क्षेत्र की कई सेवाओं के लिए रजिस्ट्री पेपर जरूरी होते थे,अब रजिस्ट्री दस्तावेज को भारत सरकार के डिजी लाकर में सुरक्षित रखा जा सकता है।अभी तक संपत्ति खरीदने से पहले खरीदने वाले को यह पता करने में बड़ी मेहनत करनी पड़ती थी कि यह संपत्ति अन्य किसी को बेच तो नहीं दी गई है। अब आनलाइन इसका पता लगाया जा सकता है्। अब तक दस्तावेज बनाने,स्टांप खरीदने,और पंजीयन के लिए अलग अलग लोगों जैसे डीड राइटर, स्टांप वेंडर के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब रजिस्ट्री को पेपरलेस बना दिया गया है। इस प्रक्रिया में विलेख प्रारुप (डीड) का चयन कर कंम्प्यूटर में एंट्री करने के दौरान दस्तावेज खुद तैयार हो जाते हैं।वही दस्तावेज उप पंजीयक को आनलाइन पेश होगा। रजिस्ट्री के बाद दस्तावेज आनलाइन प्राप्त हो जाएगा। राज्य में अब तक घर बैठे संपत्ति की रजिस्ट्री की कोई सुविधा नहीं थी।अब सरकार ने आनलाइन व्यवस्था कर दी है। सरकारी की इस नई व्यवस्था का भ्रष्टाचार करने वाले कर्मियों ने विरोध किया था, आंदोलन की चेतावनी दी थी लेकिन सरकार उनके सामने नहीं झुकी और जनता की सुविधा के लिए और भ्रष्टाचार दूर करने के लिए व्यवस्था करके दम लिया। इसके लिए साय सरकार की सराहना की जानी चाहिए।

विदेश

# भारत की वाटर स्ट्राइक का पाकिस्तान पर असर !

**सुनील कुमार महला**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के बाद अब चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध के माध्यम से पानी के प्रवाह को रोक दिया है। वास्तव में कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत की ओर से उठाया गया यह सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है।अब पाकिस्तान को निश्चित ही इससे सबक मिल सकेगा। कहना गलत नहीं होगा कि भारत की ओर की गई यह 'वाटर स्ट्राइक' पाकिस्तान को बुरी तरह से तोड़ कर रख देगी।इतना ही नहीं, सूत्रों के हवाले से यह भी सामने आ रहा है कि भारत झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी इसी तरह के कदम उठाने की योजना बना रहा है। हाल फिलहाल चिनाब प्रवाह को रोकने से एक ओर जहां पर पाकिस्तान का कृषि उत्पादन और बिजली बनाने की क्षमता प्रभावित होगी, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में इससे पीने के पानी की समस्या पैदा होगी तथा अनेक लोगों की आजीविका भी संकट में आ जाएगी। दरअसल,पाकिस्तान की लगभग 80% से अधिक कृषि भूमि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों पर ही निर्भर है। सिंधु नदी प्रणाली से उसे कुल मिलाकर 93% पानी मिलता है, जिसका वह उपयोग खेती, पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए करता है। ऐसे में भारत द्वारा पानी रोकने का फैसला पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है। दूसरे शब्दों में कहें तो पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी ही है, क्यों कि इसी की मदद से पाकिस्तान 93% पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है और 80% कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। वास्तव में पाकिस्तान के हजारों-लाखों लोगों की रोजी-रोटी(आजीविका), शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका हुआ है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सिंधु जल समझौते पर, साल 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किये थे। दरअसल, यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ एक ऐतिहासिक करार था और इसका उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच जल संसाधनों को लेकर भविष्य में टकराव से बचना था। गौरतलब है कि इस संधि के अंतर्गत रावी, सतलुज, ब्यास का अधिकार भारत को मिला तथा सिंधु, चिनाब, झेलम का नियंत्रण पाकिस्तान को सौंपा गया था। हालांकि, इसके तहत भारत को सीमित सिंचाई, विद्युत उत्पादन और घरेलू उपयोग की छूट मिली। बहरहाल, उल्लेखनीय है कि भारत ने इससे पहले साल 1965, 1971(भारत पाकिस्तान युद्ध) और 1999(कारगिल युद्ध) की लड़ाइयों के बावजूद कभी सिंधु जल संधि को सस्पेंड नहीं किया था, यहां तक कि पुलवामा हमले के बाद भी इस संधि को भारत द्वारा जारी रखा गया था, लेकिन इस बार केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के समक्ष यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत सरकार की आतंकवाद के प्रति नीति 'शून्य सहनशीलता'(जीरो टोलरेंस) की है और अब आतंकी हमलों पर नरमी नहीं बरती जाएगी तथा रणनीतिक संसाधनों का इस्तेमाल भी हथियार के रूप में किया जा सकता है।यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि बगलिहार बांध दोनों पड़ोसियों के बीच लंबे समय से विवाद का विषय रहा है, और पाकिस्तान इस मामले में विश्व बैंक की



मध्यस्थता की मांग भी कर चुका है।पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि भारत द्वारा सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद चिनाब नदी का पानी रोकना हो, आयात पर रोक हो, मेल व पार्सल सेवाओं का निलंबन हो या पाकिस्तानी जहाजों पर प्रतिबंध, ये सब दशार्ते हैं कि अब भारत पाकिस्तान को एक सुविचारित व प्रबल/सख्त नीति के तहत हर तरह से कमजोर कर रहा है और सीधे युद्ध की बजाय यह पाकिस्तान पर एक कड़ा प्रहार है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल फिलहाल भारत के इस कदम के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है और पाकिस्तानी नेताओं ने इसे 'जंग का ऐलान' बताया है। यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने तो यहां तक कहा है कि , 'या तो सिंधु नदी में हमारा पानी बहेगा या उनका खून।' इतना ही नहीं,भारत द्वारा बगलिहार डैम से पानी रोकने के बाद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भी संसद में यह बात कही है कि-'यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के पानी के साथ कोई छेड़छाड़ करता है, तो यह युद्ध के समान होगा।' पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने यह भी कहा कि-' यह 24 करोड़ पाकिस्तानी नागरिकों की जिंदगी का मामला है और पाकिस्तान इस पर माकूल जवाब देगा।'इतना ही नहीं , इस संबंध में डार ने सऊदी अरब, यूएई, चीन, तुर्की समेत कई देशों के विदेश मंत्रियों से बात कर पाकिस्तान का पक्ष भी रखा है।भारत ने बिलावल भुट्टो के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और यह बात कही है कि आतंकवाद का समर्थन करने वालों को अब खामियाजा भुगतना होगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर एनआईए की शुरूआती जांच में पाकिस्तान के हाथ होने के प्रमाण मिले हैं और भारत ने अब पाकिस्तान से सीधे युद्ध की बजाय सिंधु, चिनाब का जल रोकने समेत अनेक सख्त फैसले लिए हैं,जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को तोड़ने के लिए काफी हैं। भारत की ओर से ये कार्रवाइयां राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ता को तो दिखाती ही हैं, इनके जरिये पाकिस्तान को यह भी स्पष्ट संदेश दिया गया है कि उसे आतंकवाद को पनाह देने की कीमत चुकानी पड़ेगी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीजफायर का लगातार उल्लंघन कर रहा है और इससे उसकी बौखलाहट साफ नजर आ रही है कि वह कदर घबराया हुआ है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना ने 24 अप्रैल से शुरू हुए इन सीजफायर उल्लंघनों को कुपवाड़ा और बारामूला से लेकर पुंछ, नौशेरा और अखनूर तक अंजाम दिया है और भारतीय सेना ने हर बार मुंहतोड़ जवाब देते हुए यह संदेश भी दिया है कि भारत किसी भी हाल और परिस्थितियों में अपनी संप्रभुता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा और आतंकियों और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देगा। पाकिस्तान एक ओर तो भारत को उकसाने के लिए शाहीन, गजनवी और अब्दाली जैसी मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ, उसके मंत्री और अधिकारी लगातार भारत पर परमाणु हमले की भी गीदड़भभकियां दे रहे हैं। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि आज पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया के सामने आ चुका है और यह साबित हो चुका है कि पाकिस्तान दुनिया का एक ऐसा राष्ट्र है जो आतंकवाद और आतंकियों(जिहादी मानसिकता)को प्रश्रय देता आया है और वह पूर्णतया विदेशी कर्ज पर निर्भर है। अंत में यही कहूंगा कि यह ठीक है कि पहलगाम हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अनेक सख्त और कड़े कदम उठाए हैं,जो पाकिस्तान को आर्थिक और कूटनीतिक, दोनों स्तरों पर क्षति पहुंचाने वाले हैं, लेकिन यह भी सत्य है कि प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर भारत को भी इसका कुछ न कुछ नुकसान अवश्य पहुंचेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत के लोगों का गुस्सा अभी उफान पर है।इस संबंध में हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हमारे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही है कि-' दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब मिलेगा।' उन्होंने कहा है कि-' मेरा दायित्व है कि अपनी सेना के साथ मिलकर देश की ओर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं।' इस दौरान उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए यह बात कही है कि -'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आप( भारत के देशवासी)जो चाहते हैं, वह अवश्य होगा।'

## राशिफल

मेष — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन लाभ मिलता दिख रहा है। परिवार में चल रही समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपकी माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दें सकती हैं। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा मौका हाथ लगेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

वृषभ — आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप कोई वादा सोच समझकर करें। माताजी की सेहत में गिरावट आ सकती हैं। आप अपने कामों में लापरवाही के कारण किसी समस्या को जन्म दे सकते हैं। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी किसी सहयोगी से आपको मिलने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग बनेंगे।

मिथुन — आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएं चली आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लेकर कोई डेट प्लान कर सकते हैं।

कर्क — आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आप किसी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके साथ बॉस का रवैया थोड़ा कड़वा रहेगा, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने कामों में मेहनत से पीछे ना हटेंगे। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं।

सिंह — आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके बिजनेस में कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है। सोच समझकर कोई इन्वेस्टमेंट करना होगा जो आपके लिए समस्या बनेगा। आपके भाई-बहन परिवार में किसी सदस्य को आपकी कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं, बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपको अपने व्यवसाय में क्वालिटी पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

कन्या — आज का दिन नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनका प्रमोशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके कई विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर सकते हैं। आप लेनदेन से संबंधित मामलों में पूरा ध्यान दें। किसी से बिना सोचे समझे कोई लेनदेन ना करें।

तुला — आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी नए व्यवसाय की शुरूआत करने के लिए अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर कोई लोन भी लेने की सोच सकते हैं। आपकी किसी बात को लेकर परिवार में विवाद खड़ा हो सकता है, लेकिन आपको व्यवसाय में कुछ बदलाव करना अच्छा रहेगा। आपकी भाई और बहनों से खूब पटेगी।

वृश्चिक — आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी योजना में भविष्य को लेकर इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आस पड़ोस में आप किसी बात को लेकर वाद-विवाद में ना पड़े, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है, क्योंकि कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। आपको इनकम के सोर्स भी मिल सकते हैं।

धनु — आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी से किए हुए वादे को पूरा समय रहते पूरा करना होगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। किसी पुराने मित्र से आपसे लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

मकर — आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा, लेकिन आप अपने धन को ध्यान में रखकर ही खर्च करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में पड़कर समस्याओं में पड़ सकते हैं। आपकी ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से खटपट होने की संभावना है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, लेकिन आपको अपने सहयोगियों से कोई मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें।

कुंभ — आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई बड़ी जिम्मेदारी आ सकती है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में जुड़कर अच्छा नाम कमाएंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने धार्मिक कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा लाभ मिल सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधानी रखकर ही इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा।

मीन — आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। आपके भाई व बहनों से भी आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। कार्य क्षेत्र में आपको किसी बात को लेकर अपने बॉस से बातचीत करनी होगी। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा, लेकिन अत्यधिक मात्रा में धन न लगाएं। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

गंभीर समस्या

# हिन्दू लड़कियों से योजनाबद्ध दुष्कर्म का मजहबी षडयंत्र क्यों?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

कभी अजमेर फिर जयपुर और अब भोपाल में एक दो नहीं दर्जनों हिन्दू लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनकी आपत्तिजनक विडियो बना कर ब्लेकमेल कर यौन शोषण करने के मामलों का खुलासा हुआ है। यह बेहद चिंता जनक तो है ही साथ ही बताता है कि देश भर में एक समुदाय विशेष के युवक ब्यूटी पार्लर इंटरनेट सर्फर मोबाइल शाप डांस और एक्टिंग प्रशिक्षण सैंटर की आड़ में हिन्दू लड़कियों को फंसा कर ब्लेक मेल कर उनके जरिए एक के बाद एक मासूम लड़कियों की चैन बना कर दुष्कर्म करते हैं इतना ही नहीं इनके जाल में फंसने के बाद अश्लील वीडियो फोटो डिलीट करने के नाम पर पैसा वसूलने और दूसरे लड़कों को अस्मत से खिलवाड़ करने का घिनौना खेल चल रहा है। मध्य प्रदेश की राजधानी राजधानी में कॉलेज की छात्राओं के साथ शोषण और ब्लैकमेलिंग का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। पुलिस ने अब तक छह से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। कई आरोपी अभी भी फरार हैं। इस मामले के तार भोपाल से शुरू होकर मध्य प्रदेश के पन्ना, बैतूल, इंदौर, कोलकाता और बिहार तक फैले मिले हैं।भोपाल में हिंदू लड़कियों से रेप के मामले में पुलिस ने कई आरोपियों की पहचान कर ली है, जिसमें दो आरोपी फरहान और साहिल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया है. वहीं तीन अबरार, अली और साद की पुलिस तलाश कर रही है. अली और साद पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं. मामले की जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है. एक लड़की से मारपीट के दौरान यह मामला सामने आयाजानकारी के मुताबिक एक हिंदू लड़की को सबसे पहले फंसाया, अश्लील वीडियो बनाकर उससे अपनी सहेलियों को लाने के लिए कहा गया. इस दरिंदगी की शुरूआत भोपाल के एक कॉलेज से हुई. जहां पर साथ पढ़ने वाले मुस्लिम छात्र ने एक हिंदू लड़की को अपने जाल में फंसाया. इसे लव जिहाद का मामला माना जा रहा है.

इस वीडियो के आधार पर उस लड़की पर दबाव बनाया गया कि वो अपनी अन्य सहेलियों को भी लेकर आए. एक होटल में इन लड़कियों को बुलाया गया. उनके साथ जबरदस्ती की गई. रेप कर उनका भी वीडियो बनाया गया. 6 आरोपियों ने मिलकर 5 लड़कियों का शारीरिक शोषण किया. जांच में सामने आया है कि गांजा पिलाकर इन लड़कियों का शोषण किया गया.बताया जा रहा है कि अपने चंगुल में फंसाने के बाद इन हिंदू लड़कियों को आरोपियों द्वारा इस्लाम अपनाने का दबाव बनाया गया. उनसे कहा गया कि बुर्का पहनकर तस्वीर भेजो, लड़कियों ने बुर्का पहनकर तस्वीरें भेजी भीं. उन्हें रोजा रखने के लिए भी बाध्य किया गया।एक पीड़िता का आरोप है जब उसने अपनी छोटी बहन को इंदौर भेजा, ताकि वह इस गिरोह से बच सके, तब भी आरोपी फरहान वहां पहुंच गया। उसने उसे भी अपने जाल में फंसा लिया। पुलिस को एक वीडियो मिला है जिसमें फरहान एक साथ तीन कॉलेज छात्राओं के साथ गलत काम करता दिख रहा है। एक अन्य वीडियो में वह एक युवती को सिगरेट से जलाता हुआ पाया गया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी छात्राएं हिंदू हैं। आपको बता दें कि मध्यप्रदेश के भोपाल में लव जिहाद और गैंगरेप का ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर हर किसी की रूह कांप गई. 6 मुस्लिम युवकों का एक गैंग, जिसक काम था हिंदू लड़कियों को अपने प्यार के जाल में फंसाना. उनका ब्रेन वॉश करना और फिर रेप करना. उसके बाद अपने साथियों से गैंगरेप करवाना है और अब यह गिरोह हिन्दू लड़कियों के यौन शोषण की विडियो पोर्न साइट पर बेचने के लिए कोशिश कर रहा था। पुलिस के अनुसार, फरहान ने कॉलेज में हमउम्र मुस्लिम युवकों का एक गिरोह बनाया था, जो केवल हिंदू लड़कियों को ही निशाना बनाते थे. गिरोह का सख्त नियम था कि कोई भी मुस्लिम लड़की से प्रेम संबंध नहीं बनाएगा. फरहान ने पुलिस पूछताछ में दावा किया कि हिंदू लड़कियों के साथ दुष्कर्म करना 'सवाब का काम' है और उसका लक्ष्य अधिक से अधिक हिंदू लड़कियों को अपना शिकार बनाना था. इस बयान ने न केवल पुलिस को स्तब्ध कर दिया है। इस गैंग का सरगना फरहान एमबीए पास है फरहान खान हिंदू लड़कियों को सबसे पहले अपने प्रेम जाल में फंसाता था और फिर रेप करता था. उस रेप की वीडियो रिकॉर्डिंग करवाता और बाद में वो वीडियो दिखाकर पीड़ित लड़कियों को ब्लैकमेल करता था. इसी तरह का उसने अपना एक गैंग तैयार कर साथियों से भी ये काम करवाना शुरू किया और उनके अश्लील वीडियो मंगवाता रहा. फिर उन पीड़िताओं को सा?थियों की मदद से अपने पास बुलवाता और वीडिया दिखाकर रेप करता था लेकिन भोपाल पुलिस ने फरहान को दबोच लिया है। साहिल खान, फरहान के गैंग की मुख्य कड़ी है. मूल रूप से पन्ना का रहने वाला था लेकिन अशोक गार्डन इलाके में रहकर डांस क्लास चलाता था. जिसमें करीब 30 हिंदू लड़कियां आती थी. यही साहिल का टारगेट था. झूठे प्रेम जाल में फंसाकर उनका रेप करना. बाद में वही वीडियो दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल करना।पुलिस सूत्रों के मुताबिक साहिल पिछले करीब दो साल से डांस क्लास संचालित कर रहा था। वहां आने वाली युवतियों को वह रुपयों का लालच देकर या फिर ब्लैकमेल कर देह व्यापार के धकेलता था। वह शहर के आसपास फार्म हाउस में होने वाली पार्टियों में भी इन युवतियों को भेजता था।

तीसरा आरोपी अली पर आरोप है कि उसने एक छात्रा को लव जिहाद के मायाजाल में फंसाकर रेप किया और बाद में उसका अश्लील वीडियो फरहान को भेजा. फिर वीडियो के आधार पर ब्लैकमेलिंग का दौर शुरू हुआ और छात्रा को फरहान के साथ भी अवैध संबंध बनाने को मजबूर किया गया चौथा आरोपी साद मैकेनिक था और फरहान का जिगरी यार था. वो लड़कियों को लाने-ले जाने का काम करता था. साद पर आरोप है कि वो लड़कियों को गांजे का नशा करवाता था. इसके बदले उसे पैसे मिलते थे. पांचवा आरोपी नबील वैसे तो बिहार का रहने वाला था लेकिन पढ़ाई के लिए भोपाल आया था. इसका काम था गैंग की शिकार लड़कियों के अश्लील वीडियो पोर्न साइट्स पर बेचने के तरीके फरहान को बताना. अबरार अभी भी पुलिस की गिरफ्त से फरार है. छठा आरोपी अबरार पर एक लड़की का रेप कर उसका वीडियो मुख्य आरोपी फरहान को भेजने का आरोप है. बताया जा रहा है कि अबरार कोलकाता का रहने वाला है. अबरार भी अश्लील वीडियो पोर्न साइट्स पर बेचने के तरीके फरहान को बता रहा था. भोपाल में 1992 के अजमेर जैसे कांड को अंजाम देने वाले मुस्लिम युवक जिहादी मानसिकता से हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म कर रहे थे। वे इसे इस्लामिक कट्टरता के नजरिए से 'सबाब' यानी पुण्य का काम मानते थे। चौंकाने वाला यह रहस्योद्घाटन खुद मुस्लिम युवकों के इस संगठित गिरोह के सरगना माने जा रहे फरहान खान ने पुलिस की पूछताछ में किया है। पुलिस के अनुसार, फरहान ने कहा है कि मैंने हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म करके सबाब का काम किया है। उसके और उसके गिरोह के साथियों का लक्ष्य अधिक से अधिक हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म कर उनका जीवन बर्बाद करना था। ये युवक जहां मौका लगता, वहां हिंदू लड़कियों को प्रेम के झांसे में फंसाते। इसके लिए हिंदू नाम का इस्तेमाल करते और हाथ में कलावा भी बांध लिया करते थे।

सवाल यह है कि आखिर कब तक जेहादी मानसिकता के लोग हिन्दू लड़कियों को अपने तय अजेंडा के तहत ब्लेक मेल कर दुष्कर्म का शिकार बनाते रहेंगे? जरूरत है कि तमाम स्कूल कालिजो में लडकियों को जागरूक करने के लिए अनिवार्य क्लास तय की जाए जिसमें नैतिक ज्ञान के साथ स्वयं के बचाव की कार्यशाला आयोजित की जाएं साथ ही इस तरह के जेहादी मानसिकता वाले गिरोहों को आर्थिक व अन्य पोषण देने वाले सफेदपोश तत्वों समेत इन आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

व्यंग्य

# चाय, चमचा और चुटकी नमक

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



कहते हैं कि अगर आपकी चाय में नमक पड़ जाए तो या तो आप बहुत बड़े नेता बनने वाले हैं, या फिर किसी ने आपके जीवन की मिठास में सेंध लगा दी है। मेरे मोहल्ले के शशिकांत जी ने दोनों कर डाले नेता भी बन गए और मोहल्ले की बहुओं की आँखों से गंगाजल भी बहवा दिया। वो जब सुबह-सुबह अपनी बीवी को गुड मॉर्निंग कहते थे तो बीवी नमकदानी फेंक देती थी तुमसे तो गुडनाइट ही बेहतर है। मोहल्ले में कोई मरता, तो शशिकांत जी सांत्वना देने से पहले पूछते, मौत अचानक हुई या रूटीन की? उनके चेहरे पर हमेशा एक स्थायी व्यंग्य होता मानो जिंदगी को उन्होंने ईएमआई पर ले रखा हो। पिछले महीने उन्होंने समाज सेवा का नया स्टार्टअप खोला ह्यचाय विद चुटकीह्ण। उद्देश्य था एक कप में समाज की सारी समस्याओं को घोलना और फिर उसे गर्मागरम परोस देना। लेकिन पहले ही दिन समस्या घुल नहीं पाई, चाय में नमक घुल गया। वो चाय पीने वालों से बोले, भाइयों और बहनों, यह चाय नहीं, व्यवस्था का घड़ा है पी जाओ, तभी तो सुधार होगा। लोगों ने पिया... और उल्टी भी की। पर शशिकांत जी मुस्कराए क्रांति ऐसे ही होती है। हर मोहल्ले में एक चमचा होता है। पर शशिकांत जी के यहाँ तो चमचों की पूरी पंचायत थी रामलाल, जमुना प्रसाद, और विमलेश। ये लोग हर बात पर ताली बजाते वाह साहब! आपने तो गधे को भी घोड़ा बना दिया! शशिकांत जी मुस्कराते, सही पकड़े हैं। उन्होंने हर समस्या का हल चाय में ढूंढा बेरोजगारी? एक चाय दो, नौकरी लग जाएगी। गड्ढों वाली सड़क? चाय पर चर्चा कर लो, सड़क तो न बदलेगी, मन जरूर बदल जाएगा। एक बार तो उन्होंने कहा जीडीपी गिर रही है? कोई बात नहीं, कप तो उठ रहा है न? और पूरा मोहल्ला हँसते-हँसते रो पड़ा। घर में शशिकांत जी के बच्चे उन्हें ह्यपापाह्ण नहीं, ह्यपब्लिक स्पीकरह्ण कहते थे। जब भी उनकी बेटी उनसे नए जूते मांगती, वो कहते बेटी, असली सुंदरता आत्मा की होती है, पैर की नहीं। बेटे ने एक बार कहा, पापा, स्कूल में सब मेरा मजाक उड़ाते हैं। जवाब मिला तो क्या हुआ? मैं भी नेता बना हूं, मेरा भी मजाक उड़ता है, फिर भी जनता मुझे वोट देती है। घर की रसोई में नमक खत्म हो जाए, तो शशिकांत जी कहते चलो बेटा, समाज को सुधारने चले चलते हैं, वापसी में नमक भी ले आएंगे। उनकी पत्नी गीता देवी अब तक तो भगवद्गीता की भी सारी शिक्षाएँ भूल चुकी थीं। कहती थीं, जैसे कृष्ण ने अर्जुन को समझाया, वैसे ही मैं भी हर रोज इन्हें समझाती हूं लेकिन ये महाभारत तो क्या, महाअव्यवस्था रचकर ही दम लेते हैं। एक दिन गीता देवी ने गुस्से में कहा, अब बस! या तो तुम, या चाय की दुकान। शशिकांत जी बोले तो फिर मैं चाय को चुनता हूं। और मोहल्ले में पहली बार तालियाँ नहीं, सिसकियाँ सुनाई दीं। उनकी दुकान पर रोज नए-नए नारे लगते देश बदलेगा, जब चाय उबलेगा! लेकिन धीरे-धीरे उनकी चाय में न नशा रहा, न चर्चा। ग्राहक कम हुए, और व्यंग्य ज्यादा। लोग कहते शशिकांत जी की चाय पीने से पेट तो नहीं भरता, पर दुख जरूर उबल जाता है। एक दिन एक बूढ़ी अम्मा आईं, चाय पी और बोलीं बेटा, यह चाय नहीं, यह तो मेरी बुढ़ापे की दवा बन गई है। और वहीं कुर्सी पर बैठकर रो पड़ीं। शशिकांत जी ने उन्हें देखा और पहली बार उनकी आँखों में व्यंग्य नहीं, पानी था। समाज सुधारते-सुधारते शशिकांत जी अब खुद समाज की चाय बन चुके थे जिसे कोई पीता नहीं, सिर्फ छोड़ देता है। एक दिन दुकान बंद मिली। दरवाजे पर लिखा था अब न चाय बचेगी, न चुटकी नमक। समाज में सब कुछ नमकीन है, पर दिल अब बेस्वाद हो चुका है। मोहल्ला ठहरा, लोग ठिठके और पहली बार, उनकी गैर-मौजूदगी में शोर नहीं, सन्नाटा था। शशिकांत जी अब नहीं हैं। कहते हैं, अंतिम समय में उन्होंने कहा मेरी अस्थियाँ किसी सरकारी गड्ढे में बहा देना... कम से कम वहाँ कुछ भराव तो होगा। मोहल्ले में उनकी याद में एक पत्थर रखा गया उस पर लिखा है यहाँ वो आदमी बैठता था, जो समाज को चाय के प्याले में घोलकर पी जाना चाहता था। हर शाम अब वहाँ लोग चुपचाप बैठते हैं बिना चाय, बिना नमक पर आँखों में नमी, और दिल में उरतृप्त पीड़ा लिए हुए।

## एक नजर

### समर कैंप की रचनात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग ले रहे स्कूली बच्चे



**जगदलपुर 5 मई ।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने कहा कि स्कूली बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने और निखारने के लिए समर कैंप का आयोजन सकारात्मक पहल है। जिससे बच्चे खेलकूद, गीत-संगीत, नृत्य, चित्रकला, रंगोली सहित अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर समग्र व्यक्तित्व विकास कर सकें। इससे बच्चों को मनोरंजन के साथ ही सीखने-समझने का अवसर प्राप्त होता है, साथ ही उनके सृजनात्मक कौशल को बढ़ावा मिलता है। यह बात कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह सोमवार को बस्तर जिले के जगदलपुर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला बाबू सेमरा में आयोजित मेगा समर कैंप में स्कूली बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विधाओं और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सक्रिय सहभागिता निभाने की समझाइश दी। ज्ञात हो कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों में हजारों बच्चे मेगा समर कैंप में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस कैंप में बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से न केवल मनोरंजन का मौका मिल रहा है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मेगा समर कैंप में चित्रकला, हस्तशिल्प, नृत्य, गीत-संगीत, कहानी-कविता लेखन, नाटक, योग और विज्ञान से जुड़े प्रयोग, रोचक किस्से-कहानियां जैसी विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं। बच्चे अपनी रुचियों के अनुसार समूहों में बंटकर इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। शिक्षकों और प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। बाबू सेमरा समर कैंप में सयुंक्त संचालक स्कूल शिक्षा श्री संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के कैंप बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें सीखने की प्रक्रिया को रोचक ढंग से अपनाने में मदद करते हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल ने कहा कि समर कैंप बच्चों में कल्पनाशीलता की गुणों को भी बढ़ावा देता है जहां बच्चे एक-दूसरे से सीखकर स्वयं के विकास में भागीदारी निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सिर्फ छुट्टियों का आनंद नहीं देते, बल्कि उन्हें सीखने का नया दृष्टिकोण भी प्रदान करते हैं।

### सुशासन तिहार : क्रेडा को मिले आवेदनों पर की गई त्वरित कार्रवाई

**धमतरी 5 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगां की मांग, शिकायत और समस्या संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने और योजनाओं तथा कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सहित जिले में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों की अधिकांश आवेदनों पर त्वरित गति से कार्रवाई भी की गई। इनमें क्रेडा को मिले हाई मास्ट लाईट सुधार के संबंध में दो आवेदन, सोलर पम्प में सुधार करने संबंधी दो आवेदन सहित ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व बदलने जैसे आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम डांगीमाचा के श्री कमलेश्वर उईके ने गांव में लगे जल जीवन मिशन के तहत सोलर ड्यूल पम्प के खराब गेट वॉल्व को बदलने संबंधी आवेदन दिया। इस पर विभागीय मैदानी अमले द्वारा सोलर ड्यूल पम्प का निरीक्षण कर तत्काल संयंत्र सुधार किया गया और अब सोलर ड्यूल पम्प क्रियाशील हो गया। इससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं ग्राम किशनपुरी के श्री पांचूराम ने गांव में लगे सोलर हाईमास्ट लाईन को सुधारने के लिए आवेदन किया।

क्रेडा विभाग के मैदानी कर्मचारियों ने संयंत्र में खराब बैटरियों और लाईट के स्थान पर नये सामग्री बदलकर पूरी तरह क्रियाशील कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को सोलर हाईमास्ट के माध्यम से रात के समय में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।

# मेले में 40 से ज्यादा गांवों के लोग देवी-देवताओं के साथ हुए शामिल

- शनिवार को माई जी के आगमन के बाद रविवार को हुई नगर परिक्रमा
- क्षेत्रीय देवी-देवताओं का भी हुआ आगमन
- आदिवासी नृत्य, उड़िया नाटक व चलचित्र का किया गया प्रदर्शन
- आज देवी-देवताओं के विदाई रस्म के बाद मेले का हुआ समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**गीदम, 5 मई।** गीदम में आयोजित तीन दिवसीय मेले का समापन आज सोमवार को श्री श्री 1008 माई दंतेश्वरी एवं क्षेत्रीय देवी देवताओं के विधि विधान से पूजा अर्चना, यज्ञ व आरती पश्चात विदाई रस्म अदायगी कर हुआ। इस दौरान तीन दिवसीय मेले में दूरदराज इलाके के लगभग 40 से भी अधिक गांव के ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के साथ शामिल हुए । उनके साथ ही पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता भी इस प्रसिद्ध मेला मड़ई में पहुंचे। गीदम ब्लॉक मुख्यालय की इस मेला मड़ई के बारे में कहा जाता है कि इस मेला मड़ई के संपन्न होने के बाद ही दक्षिण बस्तर अंचल में मेला मड़ई का समापन होता है। बस्तर अंचल में मेला मड़ई का अपना ही महत्व होता है। प्राचीन काल से ही मेला मड़ई ग्रामीणों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने, जरूरी सामान खरीदने का साधन हुआ करते हैं। मेला मड़ई को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है जिनकी देखरेख में मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मड़ई में पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होती है वही कानून व्यवस्था पुलिस प्रशासन संभालता है। अंचल में आयोजित होने वाले मेला मड़ई में रात में पारंपरिक नृत्य एवम नाट की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार तीन दिवसीय गीदम मेला मड़ई में शनिवार को मां दंतेश्वरी का छत्र गीदम नगर पहुँचा , जहाँ मां का भव्य स्वागत किया गया। वही रविवार को भैरमबाबा मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात माई जी की नगर की परिक्रमा की गई। इसे स्थानीय भाषा मे परघाव कहा जाता है। लोगों की मान्यता है कि माता की डोली के नगर भ्रमण से नगर में सुख समृद्धि व शांति आती है। नगर परघाव में माता की डोली के साथ आदिवासी ढोल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। माता के डोली के दर्शन के लिए नगर की जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी माता के दर्शन के लिये आतुर दिखाई दिए। मां दंतेश्वरी स्तम्भ में ध्वजारोहण किया गया। शाम के समय आदिवासी नृत्य, उड़िया नाट्य व चलचित्र का प्रदर्शन किया गया । इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीष सुराना, नगर पंचायत गीदम पूर्व अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, सीएमओ नगर पंचायत गीदम हुलसी प्रधान, बारसूर गिरीश तिवारी , नगर पंचायत गीदम के सभी पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय अधिकारी व नगर के सभी गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

# नारद जयंती पर माधव सेवा समिति ने किया पत्रकारों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 5 मई ।** माधव सेवा समिति द्वारा सूचना तंत्र के जनक सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर 12:30 जिला ग्रंथालय में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री माधव सेवा समिति द्वारा जिले में नारद जयंती पर पत्रकार सम्मान समारोह का यह 5 वाँ वर्ष है । हर वर्ष की भांति इस साल भी श्री माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर के पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मिश्रा, मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा सीएमएचओ डॉ अजय कुमार रामटेके, कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष महापात्र । विशेष अतिथि वाय वी राघवेलु (महाप्रबंधक एएमएनएस),डॉ. रामचंद्रन, तेज प्रकाश आजाद सक्सेना द्वारा महर्षि नारद मुनि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। रायपुर से पधारे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरविंद मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधन करते हुए बताया कि सृष्टि के पहले पत्रकार के रूप में महर्षि नारद मुनि को जाना जाता है। उन्होंने अपने जीवन में सूचनाओं का जो भी आदान प्रदान किया, वो हमेशा लोगों के हित को ध्यान रखते हुए किया।उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से डॉक्टर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी तरह से पत्रकार समाज को नया रूप देता है। श्री मिश्र ने कहा कि बस्तर के पत्रकार बेहद जोखिम भरा पत्रकारिता करते हैं। पद्म विभूषण से यहां के पत्रकारों को भी उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने की मांग उन्होंने उठाई। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव, बिनोद सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, संतोष चौहान, बप्पी राय, अर्जुन पांडेय, चंद्रकांत क्षत्रिय,

आजाद सक्सेना समेत कई अन्य पत्रकार साथियों ने महर्षि नारद मुनि की जीवनी पर प्रकाश डाला और अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत कैसे और किन परिस्थितियों में की इस पर विस्तार से अपनी बात रखी। बस्तर में पत्रकारिता कितनी चुनौती भरी है इस मर्म को भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान माधव सेवा समिति द्वारा जिले भर से आए सभी कलमकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के अध्यक्ष आजाद सक्सेना एवं बप्पी राय भी उपस्थित थे। इस खास मौके पर माधव सेवा समिति के सचिव मिश्रीलाल झाड़े, कोषाध्यक्ष कैलाश सोनी, फगनुराम वेक, अतुल सिंह, हरिश प्रताप सिंह। समाजसेवी महेंद्र नायक, सुरजीत सिंह, कमलेश नाग, रेखराम साहू, रितेश गुप्ता, विमल दीक्षित, अंकुर भदौरिया एवं अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम की ऐतिहासिक जीत



**दंतेवाड़ा 5 मई।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सॉफ्टबॉल महिला टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता नेल्लूर में आयोजित है में प्रथम मैच में माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान को 10 सुनने से एवं दूसरे मैच में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात को तीन दो से तीसरे मैच में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी कर्नाटक चौथे मैच में बरकततुल्ला यूनिवर्सिटी को हारा प्री क्वाटर में प्रवेश किया फिर पांचवे मैच में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी पंजाब को हारा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई,, इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में देश भर की 96 विश्वविद्यालय ने भाग लिया जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम ने अंतिम 04 में अपनी जगह बनाई । शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के इतिहास में पहली बार कोई टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय में क्वालीफाई किया, महिला टीम में कु ज्योति हेमला पिचर एवं कु अरुणा पुनेम कैचर की जुगलबंदी ने टीम को विजय बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई टीम में कु चंद्रकला, कु रेणुका, कु विमला शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय बीजापुर, लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति , शामबती , जयमती, शर्मिला, आकांक्षा ये शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा से यलका, लालिमा, अनीता विमला शासकीय नवीन महाविद्यालय धनोरा कोंडागांव से ,, और ओमेश्वरी बस्तर यूनिवर्सिटी से सभी खिलाड़ी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं टीम को गौरवान्वित किया इस टीम के कोच श्री मारुति नन्दन मरकाम क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा एवं मैनेजर श्री राजेन्द्र सिंह राज थे।टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय जी , शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक श्री बी एल केवट, श्री नवीन सिंह सर वरिष्ट क्रीड़ा अधिकारी, श्री सोपान कार्निवाल कोच बीजापुर एकेडमी श्री रजनीश ओसवाल जी कोच एकलव्य कीड़ा परिसर जावांगा,श्री राहुल गौरखेड़े जी , एवं सभी अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्लेसमेंट कैंप में चार अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**सुकमा,5 मई।** सुशासन तिहार 2025 के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 02 मई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोटा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।प्लेसमेंट कैंप में कैपस्टोन फैसेलिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं हाउसकीपिंग पदों हेतु चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। कुल 25 अभ्यर्थियों ने इस अवसर पर हिस्सा लिया, जिनमें से चार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।चयनित अभ्यर्थियों में सुशील कुमार, करको कमलेश, सोयम राम और सोयम तृप्ति शामिल हैं।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री एस.के. भारवे ने बताया कि अगला प्लेसमेंट कैंप 5 मई 2025 को जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र, सुकमा परिसर में आयोजित किया जाएगा।जिले में रोजगार के अवसरों को सुलभ कराने की दिशा में यह पहल युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक कदम साबित हो रही है।

# सरकार की सख्ती से बची आदिवासियों की मेहनत की कमाई : विनायक गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि यह नया छत्तीसगढ़ है - यहां घोटाले नहीं, जवाबदेही होती है: विधायक विनायक गोयल**

**जगदलपुर, 5 मई।** तेंदूपत्ता बोनस वितरण को लेकर उठे विवाद पर विधायक विनायक गोयल ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए सरकार की तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाना आसान है, लेकिन तथ्यों की जांच करना जरूरी होता है।विधायक विनायक गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत द्वारा लगाए गए 8 करोड़ के गबन के आरोपों की जांच खुद सरकार के निर्देश पर की जा रही है, और पहली बार ऐसा हुआ कि गड़बड़ी सामने आते ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हुई। वनमंडलाधिकारी सुकमा को निलंबित कर गिरफ्तार किया गया, 11 समितियों के प्रबंधकों को कार्य से हटाया गया और संचालन मंडल भंग किया गया। यह सब सरकार की इच्छाशक्ति और ईमानदारी का प्रमाण है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को सच्चाई हज़म नहीं हो रही, सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की होती, तो ये मामला दबा रह जाता। लेकिन हमारी सरकार ने न केवल भ्रष्टाचार को उजागर किया, बल्कि दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में कड़े कदम उठाए।उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से कुछ संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध नहीं होने के कारण नगद वितरण की अनुमति शासन से ली गई थी, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर मेहनतकश संग्राहक को उसका हक मिले।गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन समितियों में वितरण नहीं हुआ है, उनकी भी जांच जारी है और दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।यह कांग्रेस की विफलता है कि वह खुद अपने कार्यकाल में ऐसा सिस्टम नहीं बना सकी जिसमें आदिवासियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके। भाजपा सरकार ने उस खामी को सुधारते हुए न केवल जवाबदेही तय की है, बल्कि सिस्टम को भी मजबूत किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर की कक्षा 5वीं व 8वीं का परिणाम रहा शतप्रतिशत

**गीदम, 5 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाओं का जिला स्तरीय बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्राप्त हुआ। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त किए



भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी ने समिति की ओर से सभी भैया बहन व आचार्यो को शुभकामनाए दी। विद्यालय समिति के सदस्यों ने कहा कि इसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के आचार्य व दीदीयो को जाता हैं जो भैया बहनों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार अनुशासन का पाठ भी पढ़ाते हैं। सभी को समिति की ओर से धन्यवाद।

पंचम में प्रथम युवर्सी निषाद, द्वितीय इशिका नेताम, तृतीय तेजस्व कुमार सार्वा रहे। वही अष्टम में प्रथम सिया कड़ती, द्वितीय चांदनी नाग, तृतीय साक्षी साहू रहे।

शिशु मंदिर की बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम प्रारंभ से आज पर्यंत तक शत - प्रतिशत रहा है जो नगर के लिए गौरव का विषय है। इस विद्यालय में पढ़े भैया बहन जिला संभाग में अपना वर्चस्व कायम किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से सभी भैया बहनों को बहुत-बहुत बधाई। इस विद्यालय में पढ़कर निकले भैया बहन सरकारी कार्यालय में उच्च पदों पर रहकर लगन निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे हैं जो अनुकरणीय है। पंचम कक्षा में कुल दर्ज संख्या 44 उत्तीर्ण 44 परिणाम 100 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 40, द्वितीय श्रेणी 4, कक्षा अष्टम में कुल दर्ज संख्या 39 उत्तीर्ण 39 परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 38, द्वितीय श्रेणी 1 भैया बहन रहे।

# सुशासन तिहार से मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा,5 मई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट समाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिले में चल रहे सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। साथ ही अपील करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के प्रचार-प्रसार में आप सभी सहभागी बने, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन भी उपस्थित थीं।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने पत्रकारो को बताया की छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में ÷सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आमजनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। पत्रकारवार्ता के दौरान पत्रकारों ने भी कलेक्टर श्री ध्रुव के समक्ष अपनी बात को रखा।

सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाटबाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है। सुकमा जिले में कुल 50444 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निराकरण की कार्यवाही जारी है। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। काफी मांगें प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं, जिनके बारे में राज्य सरकार भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह कर रही है। इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगें पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगी। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा। इस दौरान जिले के 08 से 15 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में ग्रामीण स्तर पर कुल 26 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, शिविरों की तारीख स्थानवार पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जाएंगे और जिन मामलों का समाधान वहीं संभव होगा, उनका मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी। तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे, जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय अपने प्रवास के दौरान प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे।

### जल संरक्षण के लिए चिपुरपाल ग्राम पंचायत में ली गई शपथ, मनरेगा के कार्यों की दी गई जानकारी



**सुकमा,5 मई।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में ग्राम पंचायत चिपुरपाल में जल संरक्षण के महत्व को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण हेतु सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से शपथ ली।इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सुश्री प्रीति प्रधानी, उप सरपंच श्री मोहन सिंह प्रधानी, तकनीकी सहायक श्री अविनाश रवानी, रोजगार सहायक श्री मंगल प्रधानी, पंच हेमबती प्रधानी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदमा राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराते हुए मनरेगा योजना के तहत जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों जैसे रिचार्ज पिट, डबरी, तालाब, सोक पीट, चेक डेम एवं स्टॉप डेम निर्माण के बारे में जानकारी दी गई।

# जल जीवन मिशन के बावजूद ग्रामीण पानी की समस्या से परेशान:लखेश्वर बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 5 मई।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन त्यौहार के तहत विभिन्न शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनमें सबसे अधिक आवेदन पेयजल संकट को लेकर सामने आए हैं यह दर्शाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल समस्या एक गंभीर और जमीनी हकीकत बन चुकी है इस विषय पर विधायक लखेश्वर बघेल ने भी शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं श्री बघेल का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर सरकार गंभीर नहीं दिखाई दे रही। जल जीवन मिशन अधूरा, ग्रामीणों की उम्मीदें टूटीं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है पंचायत स्तर पर मौजूद हैंडपंपों की संख्या औसतन 10 से 15 होती है, लेकिन वर्तमान में अधिकांश हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या उनमें पानी बहुत कम निकल रहा है जल स्तर में गिरावट के बावजूद हैंडपंपों की मरम्मत और सुधार कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं विभागीय अधिकारियों द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि पाइप की कमी है और सामग्री मंगवाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन सुधार कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहाराज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना बनाई गई थी लेकिन बस्तर जिले के कई ग्राम पंचायतों में यह योजना अधूरी छोड़ दी गई है अधिकांश स्थानों पर ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर चले गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आज भी स्वच्छ पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है लोगों की शिकायत है कि नलों में पानी आना तो दूर, कई जगहों पर पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई है जिन स्थानों पर बिछाई भी गई है, वहां सप्लाई चालू नहीं हो पाई है विभाग के अधिकारी भी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि यह योजना कब तक पूरी होगी और कब तक लोगों को उनके घरों में पानी मिलना शुरू होगा पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती जा रही है शासन-प्रशासन पर लोगों का भरोसा डगमगाने लगा है विधायक बघेल का कहना है कि जब तक प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेता, तब तक समाधान संभव नहीं है पेयजल की समस्या जल्द नहीं सुधरी तो पीएचई विभाग का घेराव किया जाएगा ।

एक नजर

## सुशासन तिहार में तेजराम और महेन्द्र को मिली नई ऋण पुस्तिका





**महासमुंद, 5 मई** । सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के त्वरित समाधान हेतु प्रशासन द्वारा प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में उपतहसील भंवरपुर के ग्राम खोगसा निवासी कृषक श्री तेजराम एवं श्री महेन्द्र ने अपनी पुरानी एवं जीर्ण-शीर्ण ऋण पुस्तिकाओं के स्थान पर द्वितीय प्रति की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों द्वारा किसानों की इस आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही की गई, जिसके फलस्वरूप दोनों कृषकों को उपतहसील कार्यालय में उनकी नई ऋण पुस्तिकाएं प्रदान की गईं। इसी प्रकार तहसील कोमाखान के ग्राम बकमा निवासी कृषक श्री खेमराज पिता नारायण पटेल ने भी सुशासन तिहार के दौरान किसान किताब के लिए आवेदन किया था। राजस्व अधिकारी द्वारा उनके आवेदन का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की गईं और उन्हें उनकी किसान किताब प्रदान की गई। इस दस्तावेज से उन्हें अब भूमि संबंधी जानकारी, ऋण प्रक्रिया, कृषि योजनाओं में सहभागिता तथा विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में सुविधा प्राप्त होगी।प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता से प्रभावित होकर किसानों ने संतोष व्यक्त किया और सुशासन तिहार की पहल की सराहना की है।

## सुशासन तिहार-2025 से मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान :कलेक्टर

**महासमुंद, 5 मई** । कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज प्रेस वार्ता लेकर ÷सुशासन तिहार-2025÷ के तीसरे चरण की शुरुआत की जानकारी दी। प्रेस वार्ता कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

मीडिया को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत 8 व जनपद पंचायत अंतर्गत 41 शिविर आयोजित होगा। इनमें नगरीय निकाय महासमुंद में 3 शिविर एवं बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली और तुमगांव में एक-एक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत पिथौरा में 10, महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली में 8-8 तथा बसना में 7 समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों का आयोजन 5 मई से प्रारंभ होगा।जिसको पूरी तैयारी कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल एक लाख 82 हजार 99 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें मांग आधारित एक लाख 78 हजार 857 एवं शिकायत से संबंधित 3242 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 74 हजार 206 आवेदन एवं शिकायत के 2 हजार 519 आवेदन कुल एक लाख 76 हजार 725 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में लापरवाही सहन नहीं की जायेगी:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 5 मई।** कलेक्टर बी.एस उइके ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के दौरान विभागवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण के लिए बचे हुए आवेदनों को आज हर हाल में अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी, अन्यथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।बैठक मे अनुपस्थित रहने पर सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री महेश्वरी तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा प्रत्येक आवेदनों का गंभीरतापूर्वक जांच उपरांत निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से सुशासन तिहार के आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के स्थिति की जानकारी ऑनलाईन माध्यम से ली जा रही है। कलेक्टर



श्री उइके ने जिन विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कही दिक्कत आ रही है तो, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर निराकरण करें।

सुशासन तिहार के तहत तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 30 मई तक जिले में कुल 31 समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों के द्वारा उनके आवेदनों पर की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी भी प्रदान करें। साथ ही शिविर में नए आवेदन भी कोई आवेदक देता है उसे प्राप्त करें और जिन मामलों का समाधान शिविर स्थल पर संभव होगा उनका मौके पर ही निराकरण करे। समाधान शिविरों में विभागीय अधिकारी स्टाल लगाकर अपने- अपने विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिविर में विकासखंड, अनुविभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत आवेदकों से उनकी शिकायतों व मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया था। जिसका निराकरण 04 मई तक करना अनिवार्य है। उन्होंने ने सुशासन तिहार के महत्वपूर्ण बैठक में बिना पूर्व सूचना दिये अनुपस्थित रहने पर सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री महेश्वरी तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, उप निदेशक उदंती वरूण जैन, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत देवभोग में 6 मई को होने वाले शिविर स्थगित

**गरियाबंद, 5 मई।** गरियाबंद जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किया गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार 06 मई को नगर पंचायत देवभोग के वार्ड क्रमांक 12 के शासकीय पूर्व कन्या माध्यमिक शाला में समाधान शिविर का आयोजन रखा गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## बारिश से पूर्व जलाशयों के जीर्णोद्धार का कार्य करें पूरा:कलेक्टर



**रायगढ़,5 मई** । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत रायगढ़ एवं पुसौर के विभिन्न जलाशय जीर्णोद्धार एवं जलद्वार निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जल संसाधन संभाग रायगढ़ के सियारपाली जलाशय के गहरीकरण-मरम्मत एवं नहर लाईनिंग कार्य का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों से काम की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को काम तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बड़े हल्दी के जलाशय का गहरीकरण मरम्मत, बासनपाली, बाघाडोला, मनसाटार एवं सिहा के जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी ठेकेदारों से निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए जून से पूर्व हेड स्लुस निर्माण, वेस्ट वियर मरम्मत व निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि बारिश के दौरान जलाशयों में बेहतर जल संचय हो एवं इसका लाभ किसानों को मिल सके। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने की बात कही।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री होमेश नायक, एसडीओ श्री दुर्गेश नायक, एई श्री विमलेश बिस्वाल, श्री विक्रम गुप्ता, सीईओ जनपद रायगढ़ श्री राजेश साहू, सीईओ जनपद पुसौर श्री अभिषेक बनर्जी सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### 7.78 करोड़ की लागत से 6 जलाशयों का हो रहा कायाकल्प

रायगढ़ और पुसौर विकासखंड के 6 जलाशयों का 7.78 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार का काम किया जा रहा है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने बीते दिनों इन कार्यों का भूमिपूजन किया था। जिसके पश्चात जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इनमें 1.25 करोड़ लागत से बड़े हल्दी जलाशय का जीर्णोद्धार, 1.48 करोड़ लागत से बाघाडोला जलाशय के जलद्वार निर्माण एवं मुख्य बांध का मरम्मत कार्य, 1.45 करोड़ से बासनपाली जलाशय का जीर्णोद्धार, 1.02 करोड़ से मंसाटार जलाशय का जीर्णोद्धार, 97 लाख से सिहा जलाशय का जलद्वार निर्माण और बांध मरम्मत कार्य तथा 1.59 करोड़ लागत से सियारपाली जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य शामिल है। इन जलाशयों के अंतर्गत कुल 498.44 हेक्टेयर सिंचित रकबा आता है।

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में ली पत्रकार वार्ता



**बीजापुर 5 मई ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के संबंध में पत्रकार.वार्ता ली। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन.प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी की मंशा के अनुरूप राज्य में सुशासन तिहार.2025 का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने जिले के सभी पत्रकारों से समाधान शिविरों के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने की अपील की। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधानए शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार.2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। उन्होंने बताया कि बीजापुर जिले में कुल 22,880 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 20138 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है शेष 2742 आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। प्राप्त आवेदन में 265 आवेदन शिकायत संबंध में था जिनमें 205 आवेदन निराकृत हो गया है शेष 60 आवेदन लंबित है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरूआत 5 मई 2025 से हो रही है, जो 30 मई 2025 तक चलेगी। इस दौरान जिले के 4 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच एक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगरीय निकायों में भी शिविर लगाए जाएंगे। जिले में कुल 35 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 24 शिविर और नगरीय क्षेत्रों में 11 शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर की गई विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में आवेदन भी लिए जाएंगे। विभागीय अधिकारी समाधान शिविरों में विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र व प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएगें। समाधान शिविरों में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर से भी कुछ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसी तरह की व्यवस्था नगरीय निकायों के शिविरों में भी रहेगी।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्रीगण, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी कुछ समाधान शिविरों में शामिल होंगे और आम जनता से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री विकास कार्यों और योजनाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे और योजनाओं के जमीनी लाभ के बारे में फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। जिसमें शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री अपने प्रवास के दौरान प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे और विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट भी करेंगे। कलेक्टर ने जिले के सभी पत्रकार साथियों से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों के व्यापक प्रचार.प्रसार में सहभागी बनने की अपील की, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले सकें। पत्रकार वार्ता के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री जोगश्वर कौशल एवं जिले के पत्रकार गण उपस्थित थे।

## जिले में सुशासन तिहार पर 37,363 मिले आवेदन

**दंतेवाड़ा, 5 मई।** ''राज्य शासन द्वारा प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले से अब तक 37,363 आवेदन प्राप्त हुए है। इन आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है''। संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित आज प्रेसवार्ता के दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मीडिया प्रतिनिधियों को इस तथ्य से अवगत कराया उन्होंने इस संबंध में आगे कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं, छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शासन-प्रशासन के हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो, और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। इसी कड़ी में, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में ''सुशासन तिहार''-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी, विकास कार्यों में तेजी लाना, और जनता, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी, शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखंड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। इसके अलावा इस अवधि के दौरान हाट बाजारों में भी आवेदनों का संग्रह किया गया है।कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में कुल 37,363 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कुल 33,362 आवेदनों को निराकरण किया जा चुका है। जिसमें शिकायतों की संख्या 671 है जिनमें से 594 प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है तथा मांग के कुल 36,692 आवेदनों में से 32,768 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। दूसरे चरण में इन प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड कर संबंधित विभाग, जनपद और नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजकर उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जा रहा है। काफी मांगें प्रधानमंत्री आवास योजना व उज्जवला योजना से सम्बन्धित हैं, जिनके बारे में राज्य सरकार भारत सरकार से अतिरिक्त लक्ष्य के लिए आग्रह कर रही है। इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्त होने पर आवेदकों की मांगें पात्रतानुसार निराकरण हो जायेगी। आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला और राज्य स्तर पर की जा रही है। तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत 05 मई से हो रही है, जो 30 मई तक चलेगा।

### सुशासन तिहार में सामाजिक बहिष्कार समाप्त, पीड़ित लौटे मुख्यधारा में

**महासमुंद 5 मई** । सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत बूटीपाली के आश्रित ग्राम हेड़सपाली में एक सकारात्मक और अच्छी पहल देखने को मिली, जहां सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे पांच व्यक्तियों

सको पुनः समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया।अनुविभागीय अधिकारी श्री मनोज खांडे के निर्देश में नायब तहसीलदार अर्पण कुर्रे, भंवरपुर चौकी प्रभारी, सरपंच, आवेदकगण और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण समाधान निकाला गया। सभी संबंधित पक्षों को समझाइश दी गई और आपसी सहमति से प्रकरण का शांतिपूर्ण निराकरण किया गया। इस पहल के माध्यम से न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला, बल्कि पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में भी एक नई आशा का संचार हुआ।

## राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर इंटक ने किया आनंद मेला का आयोजन



**किरंदुल, 5 मई।** राष्ट्रीय मजदूर दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, शाखा किरंदुल द्वारा बीआईओपी स्कूल मैदान में एक भव्य एवं गरिमामय आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत इंटक भवन, प्रगाढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके माध्यम से श्रमिक आंदोलन के मूल सिद्धांतों और महात्मा गांधी के श्रम के प्रति विचारों को नमन किया गया।इस अवसर पर नगर के जरूरतमंद नागरिकों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियाँ वितरित की गईं, जिससे समाज के वंचित वर्गों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।कार्यक्रम में इंटक के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगण अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। साथ ही नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ जनों एवं एनएमडीसी परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और भी बढ़ाया।इस आयोजन ने न केवल श्रमिकों के अधिकारों और योगदान को सम्मानित किया, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी सशक्त किया।

### मेले का मकसद समाजों को एकजुट करना

**किरंदुल।** राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन, किरंदुल द्वारा आयोजित आनंद मेले ने नगर के विभिन्न समाजों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल – ÷क्या आनंद मेले का उद्देश्य केवल मनोरंजन था के उत्तर में इंटक अध्यक्ष श्री ए.के. सिंह ने संगठन की मूल भावना को साझा किया।उन्होंने कहा, ÷इंटक, किरंदुल शाखा की स्थापना से लेकर आज तक हम केवल श्रमिक हितों तक सीमित नहीं रहे हैं। हमारी सोच रही है कि नगर को एक परिवार के रूप में जोड़ा जाए। हम नगर परिवार में अपनापन और एकता की भावना को मजबूत करने की दिशा में सतत प्रयासरत हैं। सिंह ने आगे बताया कि आनंद मेले का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि विभिन्न समाजों को एक साझा मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को प्रोत्साहित करना था। हमारा प्रयास रहा है कि यूनियन गतिविधियों के साथ-साथ नगर के हर वर्ग को साथ लेकर चलें, ताकि एकजुटता और भाईचारे का संदेश समाज में प्रसारित हो, उन्होंने कहा।इंटक अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यूनियन ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने और सामूहिक भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य करती रहेगी।

# छत्तीसगढ़ व बस्तर ने शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं: केदार कश्यप

**जगदलपुर,5 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 59वीं जनरल काउंसिल की बैठक में उनके प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा को बेहतर बनाने से संबंधित कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।दिल्ली में आयोजित बैठक को लेकर उन्होंने आज रायपुर मुख्यालय में चर्चा के दौरान बताया कि बस्तर क्षेत्र में स्कूल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा को जिले में विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाया गया है। जिले में कई स्कूल संचालित हैं, जिनमें सरकारी और गैर-सरकारी स्कूल शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और हमारा बस्तर क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। बस्तर के



सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा जिला के कई इलाकों में ड्रॉपआउट दर में कमी आयी है। जो विद्यार्थी किसी कारणवस स्कूल छोड़ दिए थे उन्हें हमारी विष्णुदेव साय सरकार अभियान चलाकर पुनः स्कूल प्रवेश कराने का कार्य कर रही है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर क्षेत्र के शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। मंत्री कश्यप ने बताया कि हमारी सरकार ने ड्रॉपआउट दर में कमी लाने के लिए पोर्टा केबिन की शुरुआत, केजी से पीजी तक मुक्त आवासीय शिक्षा के लिए शिक्षा नगरी की स्थापना की, छू-लो आसमान, लक्ष्य जैसी पहलों के माध्यम से आदिवासी युवाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय जैसे स्कूलों की शुरुआत की गई है। ऐसे बहुत से कार्य हमारी सरकार कर रही है जिसके माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।स्मार्ट क्लासेस और नवाचार के माध्यम से विचारों में बदलाववनमंत्री केदार कश्यप ने बताया की आधुनिक दौर में आधुनिक और तकनिकी ज्ञान आवश्यक है इस दृष्टी से भी हमारी सरकार स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस, टिंकलिंग लैब्स और वर्चुअल शिक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नवाचार किए जा रहे हैं। स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से विज्ञान के प्रयोग और अन्य विषयों को समझाने बताने के तरीकों में भी बदलाव आया है।

**शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रयास** -मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे समय में शिक्षक और एक विद्यार्थी के मध्य सम्बन्ध अभिभावक का था। आज बदलते दौर में बुन्यादी शिष्टाचार समाप्त हो रहा है। ऐसे विषयों पर भी हमारी सरकार चिंतन कर रही है। इसलिए साय सरकार ने शिक्षकों और छात्रों के मध्य बेहतर संवाद और सामंजस्य के लिये स्कूल में छोटे छोटे कार्यक्रम, काउंसलिंग प्रोग्राम कराने के निर्देश दिये हैं। मंत्री ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करना सभी बच्चों का अधिकार है और सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी शारीरिक बाधा के कारण कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिससे वे मुख्यधारा की शिक्षा से सहज रूप से जुड़ सकेंगे। ऐसे विशेष बच्चों के लिये भी सरकार पहल कर रही है।

**शिक्षा से स्वालम्बन की दिशा में साय सरकार**-मंत्री कश्यप ने कहा की वर्तमान समय में रोजगार उनमुखी शिक्षा की आवश्यकता है। इसलिए साय सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से पुरे प्रदेश में रोजगार उनमुखी शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही है। शिक्षा के साथ हमारे प्रदेश के युवा पीढ़ी स्व रोजगार हो यह सरकार का विजन हैमंत्री कश्यप ने कहा कि शिक्षा और स्वरोजगार के बीच एक गहरा संबंध है। शिक्षा व्यक्ति को कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, जिससे वे स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। शिक्षा व्यक्ति को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करती है।

विष्णुदेव सरकार का विजन यही है शिक्षा के माध्यम से छात्रों का समुचित विकास हो।

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर जिला प्रशासन सख्त

■ चेन माउंटेन एवं हाइवा सहित 7 वाहन जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मई।** अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा कड़ी निगरानी करते हुए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में रविवार को राजस्व विभाग की टीम द्वारा पलारी, भाटापारा एवं लवन तहसील अंतर्गत क्षेत्रों में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक चैन माउंटेन, एक हाइवा एवं 5 ट्रेक्टर पर कार्यवाही करते हुए जब्त कर सम्बंधित थाने के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम पलारी दीपक निकुंज के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम के द्वारा ग्राम दातान (ख) में निरीक्षण के दौरान चैन माउन्टेन मशीन के चालक से लाइसेंस की मांग करने पर उसके पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं होना बताया गया।





इसके साथ है रेत उत्खनन पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा निर्धारित गहराई से अधिक होने पर उक्त चैन माउन्टेन मशीन बंद करवाकर खदान के मुंशी मनोज कुमार के सुपुर्द किया गया। इसीतरह मोहान घाट में अवैध रेत लोडिंग और परिवहन होते 2 ट्रेक्टर को जब्त कर थाना गिधपुरी के सुपुर्दगी में दिया गया। तहसील भाटापारा में एसडीएम अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में रेत घाट का निरीक्षण किया गया जिसमें 3 ट्रैक्टर अवैध रेत परिवहन करते पाए गए जिन्हें जब्त कर चौकी करही बाजार के सुपुर्द किया गया है। बिना रायल्टी पर्ची के रेत परिवहन करते एक हाइवा को ग्राम चंगोरी से जप्त कर थाना लवन के सुपुर्द किया गया।

## मोर गांव मोर पानी महाभियान: 2080 सोखता गड्ढा निर्माण पूर्ण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मई।** मोर गांव, मोर पानी जल संचयन महाभियान के तहत जिले में निस्तार एवं पेयजल की समस्या न हों, साथ ही भविष्य में भू-गर्भ जल स्तर बढ़ाने के लिए 18 अप्रैल 2025 से जल संचयन अभियान की शुरुआत जिले में की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में अभियान केतहत जिले में अब तक 2080 सोख्ता गड्?ढा का निर्माण मानव श्रम से किया जा चुका है। इसके साथ ही पांचो विकासखंड में अब तक 1291 तालाबों पंचायत विभाग एवं जल संचयन वाहिनी द्वारा सोख्ता गड्?ढो का निर्माण एवं तालाब की साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही जल संचयन के कार्यों को प्रारंभ कराया जा रहा तथा वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण पंचायत विभाग द्वारा किया जा रहा है।जल संचयन की मानिटरिंग जिला सम्पर्क केन्द्र प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत में नियुक्त नोडल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग के नोडल एवं तकनीकी सहायक की नियमित समीक्षा कर प्राप्त समस्या के निराकरण की मानिटरिंग की जा रही है।जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला जल संचयन समिति का गठन किया गया है। समिति में पंचायत विभाग, जल संसाधन विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्मिलित किया गया है। जल संचयन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें वर्षा पानी संचयन हेतु आवश्यक निर्माण का प्रस्ताव एवं जल संचयन हेतु निर्मित संरचनाओं का ग्रामवासियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जायेगा। प्रत्येक पंचायत में 2 जल संचयन वाहिनी का गठन किया गया है जो जल संचयन के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है । जल संसाधन विभाग द्वारा निस्तारी तालाबों में जल भराव पर मानिटरिंग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हैण्डपम्प, नलकूप एवं जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को नल जल की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

## एक नजर

### केपीएस किड्स में सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ समर कैंप प्रारम्भ



**भाटापारा, 5 मई।** पारुल थारानी (वाइस प्रिंसिपल) ने बताया नए सत्र 2025- 26 का शुभारंभ किरण जोशी (समाज सेविका) अध्यक्ष, कामधेनु महिलामण्डल और उनकी टीम द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजित करके किया गया। समर कैंप में आर्ट/क्राफ्ट, ड्रॉइंग, डांस जुंबा, स्पोकन इंगलिश,वैदिक गणित जैसे विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर पर विद्यालय के छात्रों के अलावा भाटापारा के रजिस्टर्ड बच्चे लाभ ले सकेंगे (रजिस्ट्रेशन चल रहा है) । कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थित सोनी छाबड़िया अध्यक्ष, सिंधी (महिला) समाज, सचिव, शीतल आर्य , विंध्या अग्रवाल अध्यक्ष (महिला) अग्रवाल समाज, ममता अग्रवाल उपाध्यक्ष (अग्रवाल समाज) ने कहा कि भाटापारा के बच्चों को नए नए कौशल सिखने मिलेगा , हम चक्क-चढ्ढ8%ं की उज्वल भविष्य की कामना करते है। उक्त कार्यक्रम में चैतन्य वर्मा पूर्व कृषि सभापति ज. पंचायत भाटापारा, संचालक आस्था गोइंदानी, दीपक वर्मा , प्राचार्य भारती मानिकपुरी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### तिल्दा नेवरा के मोहगांव में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा का जोरदार स्वागत



**तिल्दा नेवरा, 5 मई।** ग्राम मोहगांव में आयोजित श्री राम लीला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंक राम वर्मा और जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा जनपदस्दस्य सरपंच मोहगांव और गांव के पंच सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे मंत्री यहां सम्मिलित होकर रामलीला के अद्भुत मंचन को देखा ओर उत्साह वर्धन किया ओर कहा कि प्रभु श्री राम जी की जीवन लीला को सजीव रूप में देखना सदैव प्रेरणादायक होता है। मंत्री ने ग्रामीण जनों की समस्या ओर सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी इस कार्यक्रम में पूरे गांव के नागरिक उपस्थित थे।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाला शराब कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 5 मई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 04.05.2025 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम नयापारा डमरू में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?1400 कीमत मूल्य का 07 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# प्रत्येक समाज मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना का लाभ उठाए:इंद्र साव

■ खर्चीली शादी की परंपरा से बच कर सभी समाज सामने आए: साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 मई।** एक कहावत है कि मकान बना कर देख लो या शादी करा कर देख लो,आज महंगाई की बढ़ती मार ने लोगो की कमर ढीली कर दी है,वही अब सामूहिक विवाह की ओर लोगो का बढ़ता झुकाव को देखते हुए इस ओर अब सभी समाज को आगे आने की जरूरत है,उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने सिंगारपुर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होते हुए उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कही।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज की बढ़ती महंगाई को देख इस योजना का लाभ प्रत्येक समाज को उठाने की आवश्यकता है,जिसके लिए समाज प्रमुखों को सामने आने की जरूरत है।विवाह एक ऐसा बंधन है जिसमें प्रत्येक माता पिता अपनी हैसियत के अनुसार अपने बच्चों को इस बंधन में बांधकर अपना फर्ज और दायित्व पूरा करते है,वही अब इस दिखावटी दुनिया के विकराल स्वरूप ने विवाह को इतना खर्चीला बना दिया है,जिससे माता पिता के सामने आर्थिक संकट आड़े आ जाता है,ऐसे दिखावे की दुनिया से हमें हटकर सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है जिससे कि प्रत्येक माता पिता आर्थिक बोझ से बचकर अपने बच्चों को विवाह हंसते हुए बिना किसी ऋण के कर सके।



इसके पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव ने ग्राम सिंगारपुर में नव दाम्पत्य में प्रवेश करने वाले 14 जोड़ो को अपना आशीर्वाद दिया तथा उन्हें भेट देते हुए नव दाम्पत्य जीवन प्रवेश पर बधाई और शुभकामना दी।विदित हो कि इस योजना में शामिल जोड़ों को शासन की ओर से नकद राशि सहित अन्य सामग्री प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुन्दर साहू, मीना वर्मा, मावली मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी संजय अग्रवाल, दीनदयाल साहू, हरिनारायण दुबे, प्रदीप अग्रवाल, पन्नालाल साहू, किशोर गुप्ता, सरोज अग्रवाल,रवि वैष्णव, महिला बाल विकास अधिकारी बीना राय, विभाग के अधिकारी,कर्मचारी, नितीश साहू, सत्यजीत शेंडे, जीत साव, सहित विवाह में शामिल होने आए घराती बराती तथा ग्राम सिंगारपुर के प्रबुद्ध नागरिकगण उपस्थित थे।

## डीएमएफ से कार्य पर रखे गए 26 संविदा कर्मचारियों को मिला सेवा समाप्ति का नोटिस

**कोरबा 05 मई।** एक साल पहले डीएमएफ से कार्य पर रखे गए सभी 26 संविदा कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के नोटिस मिल गया है। इससे इनमें हड़कम्प मच गई है और चिंता भी।

ज्ञात हो कि कार्यालय, कलेक्टर अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश दिनांक 11.12.2024 के तहत 26 युवक-युवतियों को उनकी योग्यता अनुसार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (संविदा) के पद पर नियुक्त किया गया था। कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला कोरबा के आदेश दिनांक 12.12.2024 द्वारा विभिन्न संस्थाओं में इन्हें पदस्थापित किया गया। कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें के अधीन कार्यरत इन सभी 26 संविदा कर्मचारियों की सेवा 31मई 2025 को समाप्त हो जाएगी। इस आशय की नोटिस मिलने के बाद से ये सभी अपने व परिवार के भविष्य को लेकर चिंतित हो गए हैं। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (संविदा) पद की सेवावृद्धि के लिए इन्होंने ऑनलाइन आवेदन करते हुए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। इन्होंने कहा है कि विभाग में हमारी अनुपस्थिति होने से विभिन्न संस्थायें रिक्त हो जाएंगी। जिससे पशु सेवा संबंधी कार्य (टीकाकरण, बधियाकरण, पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान इत्यादि) बाधित होंगे। इसके अलावा हमारी सेवा समाप्त हो जाने से हमें व्यक्तिगत रूप से एवं हमारे परिवार को बेरोजगारी एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बीते एक वर्ष में हमारे द्वारा सभी कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का उचित ढंग से निर्वहन किया गया है। संबंधित विषय पशु चिकित्सा संसाधन विभाग से जुड़ा हुआ है जिसके मंत्री आप स्वयं हैं। छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति के कौशल विकास और रोजगार को लेकर आपके नेतृत्व वाली सरकार संवेदनशील है। आपकी सरकार के कार्यकाल में अब तक हजारों युवाओं को सेवा का अवसर दिया गया है। हम स्वयं इसके साक्षी हैं। अतएव विभाग की आवश्यकता एवं हमारी परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए हमारी सेवा में वृद्धि करने की असीम कृपा करें। इस हेतु हम सदैव आपके कृतज्ञ रहेंगे।

## 24 घंटे लगे बिजली आने में, विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से अंधेरे में डूबा रहा शहर

**कोरबा 05 मई।** शनिवार दोपहर कोरबा में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी, बारिश, बिजली की गड़गड़ाहट और चमक के साथ आई इस प्राकृतिक आपदा ने शहर में भारी तबाही मचा दी। देखते ही देखते 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं ने कई घरों के छज्जे उड़ा दिए, पेड़ और बिजली के खंभे जमींदोज हो गए, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। निगम क्षेत्र के कई वार्डो में बिजली रात भर बंद रही। शनिवार दोपहर ढाई बजे से बंद हुई बिजली रविवार को दोपहर तीन बजे के आस पास आई।

बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी रात मरम्मत के कार्य में जुटे रहे तब कही जाकर बिजली व्यवस्था सुचारू हो पाई। कोरबा जिले में पिछले कुछ दिनों से जनजीवन असामान्य बना हुआ है। कहीं जल भराव तो कहीं संपत्ति को नुकसान और विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हवा के तेज दबाव के कारण एक भारी-भरकम पेड़ के विद्युत लाइन पर गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। पावर हाउस रोड और दर्री रोड क्षेत्र के लोगों ने पूरी रात अंधेरे में गुजारी। सुबह भी यही हाल रहा। वितरण कंपनी के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर विद्युत आपूर्ति को बहाल किया गया है।

छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कोरबा सुप्रिंटेंडिंग इंजीनियर पी.एल. सिदार ने बताया कि मौसम बिगडने के कारण कई प्रकार की प्रतिकूल स्थिति शहरी क्षेत्र में निर्मित हुई है। बताया गया कि अनेक स्थान पर विद्युत आपूर्ति इन कारणों से बाधित हुई। मैदानी अमले के साथ सुधार कार्य शुरू कराया गया।

## जान से मारने की धमकी देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 5 मई।** प्रार्थी रूपचंद डहरिया निवासी ग्राम सुंदरी (स) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 03.04.2025 की रात्रि करीबन 10ः00 बजे रात में वह घर के सामने खड़ा था। इसी बीच आरोपीगण प्रार्थी के घर के सामने अश्लील गाली गलौज कर रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा मना किया गया। इस पर आरोपियों द्वारा आवेश में आकर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए, रापा के लोहे के बेठ से प्रार्थी के सिर में मारकर तथा हाथ मुक्का से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया गया है।

## शिक्षा विभाग: प्राचार्य पदोन्नति के लिए नए नियम बनाने की मांग

**कोरबा 05 मई।** छत्तीसगढ़ के प्रख्यात शिक्षाविद एवं राष्ट्रीय विचारक सतीश प्रकाश सिंह ने राज्य सरकार से स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य पदोन्नति समेत सभी संवर्गों के विवादों को समाप्त करने हेतु नए छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2025 बनाने और शीघ्र लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लागू 2019 के भर्ती एवं पदोन्नति नियम विवादों की जड़ बन चुके हैं, जिससे विभाग में कार्यरत शिक्षक समुदाय एवं विभिन्न शिक्षक संवर्गों के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी रहती है। सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि हाल ही में 30 अप्रैल 2025 को राज्य शासन ने 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी किया था, लेकिन यह आदेश विभिन्न संवर्गों की आपसी खींचतान और न्यायालय में लंबित याचिकाओं के कारण कानूनी पचड़े में उलझ गया। फिलहाल हाईकोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी है और आगामी सुनवाई 7 मई 2025 को निर्धारित की गई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि टी संवर्ग में 2013 के बाद से और ई संवर्ग में 2016 के बाद से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई है, जिसके चलते प्रदेश के 3500 से अधिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पूर्णकालिक प्राचार्य नहीं हैं। कई वरिष्ठ शिक्षकों की सेवानिवृत्ति हो चुकी है और कुछ तो प्राचार्य बनने का सपना अधूरा लिए ही दुनिया से विदा हो गए।विभिन्न शिक्षक संवर्गकृनियमित व्याख्याता, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक तथा व्याख्याता एल.बी.कृ के बीच प्राचार्य पदोन्नति को लेकर वर्षों से संघर्ष और विवाद जारी है। इन संवर्गों के द्वारा विभाग में ज्ञापन, धरना प्रदर्शन से लेकर हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। इन सभी समस्याओं की मूल वजह वर्ष 2019 के भर्ती एवं पदोन्नति नियम हैं, जिनकी कई धाराओं पर शिक्षक समुदाय में स्पष्ट सहमति नहीं है। सतीश प्रकाश सिंह ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि वर्ष 2025 में नया भर्ती एवं पदोन्नति नियम तैयार किया जाए, जिसमें सभी संवर्गों के लिए स्पष्ट शर्तेंकृशैक्षणिक योग्यता, बी.एड.ध्नॉन बी.एड., अनुभव की अवधि, पदोन्नति हेतु पात्रता-अपात्रता की स्थितियाँकृस्पष्ट रूप से परिभाषित हों। साथ ही इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।


## नाम परिवर्तन

मैं कुमलेश यादव (KUMLESH YADAV) पिता उमाशंकर यादव (UMASHANKAR YADAV) उम्र 19 वर्ष जाति यादव ग्राम परसाही, पोस्ट मुढ़िपार, तहसील खैरागढ़, जिला-के.सी.जी. (छ.ग.) का निवासी हूँ।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कमलेश यादव पिता उमाशंकर यादव दर्ज है जो कि त्रुटि पूर्ण है। जबकि मेरा वास्तविक नाम शैक्षणिक अभिलेख अनुसार कुमलेश यादव पिता उमाशंकर यादव है। मुझे भविष्य में कुमलेश यादव पिता उमाशंकर यादव के नाम से जाना व पहचाना जावे।

सूचना जाने

भवदीय
कुमलेश यादव

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

## उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202504103000112/ अ-6/ वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक - विशाल लिलहारे पिता जयसिंग पता- प्लॉट नं. 55 मैत्री कुंज रिसाली -भिलाई तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध छ.ग. शासन द्वारा मौजा- खोपली प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 486 रकबा 0.9800 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में माता विजयता पति जयसिंग के नाम पर दर्ज है। माता विजयता पति जयसिंग की मृत्यु दिनांक 30/03/2025 को हो चुकी है। माता विजयता पति जयसिंग का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज है। जिसके मृत्यु पश्चात् उनके वारिसान:- विक्रम लिल्हारे पुत्र, विशाल लिल्हारे पुत्र, पूजा उरोडे पुत्री हैं का नाम फौती नामांतरण के तहत् दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.5.25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.4.25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)


# मोर गांव, मोर पानी महाअभियान एक सार्थक पहल

■ त्रिस्तरीय समन्वय से पेयजल व निस्तारी समस्या से मिली निजात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा विगत माह शुरू किये गये मोर गांव,मोर पानी महाभियान ग्रामीण इलाकों में जल संकट से निपटने की एक दूरदर्शी पहल है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों का संरक्षण, पुनर्भरण और सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में विशेष समितियां गठित की गई हैं।इसी कड़ी में अनुविभागीय समिति सिमगा के द्वारा उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में जल संचयन को लेकर बेहतर कार्य किया गया है जिसमें प्रशासन, उद्योग और ग्रामीणों के त्रिस्तरीय समन्वय का आदर्श उदाहरण क्षेत्र में परिलक्षित हो रहा है। इन तीनो के प्रयास से सिमगा क्षेत्र के उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल व निस्तारी की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिली है। एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा ने बताया कि अनुविभाग सिमगा के उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में खनन गतिविधियों के कारण पारंपरिक जल स्त्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने, भू-जल स्तर में गिरावट आने, जल स्त्रोतों का सूखना और जल की उपलब्धता में कमी जैसी समस्याएं होने की शिकायतें ग्रामीणजन द्वारा प्रस्तुत की जाती रही है।



इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनुविभाग स्तरीय समिति (सिमगा) के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सीमेंट संयंत्रों एवं उनसे प्रभावित क्षेत्रो में स्थल निरिक्षण किया एवं जांच रिपोर्ट समिति अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की। प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन एवं विभिन्न सीमेंट संयंत्रो द्वारा फील्ड पर जल आपूर्ति सुनिश्चित सुनिचित करने हेतु यथासंभव प्रयास किये।विभिन्न सीमेंट संयंत्रों ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सकारात्मक भूमिका निभाई। प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ समन्वय कर उन्होंने अपने उत्खनन क्षेत्र में उपलब्ध जल संसाधनों जैसे माइन्स में जमा पानी को गांव के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, रावन द्वारा ग्राम रावन एवं पेंड्री को पाइप-लाइन के माध्यम से निस्तारी हेतु जल आपूर्ति की गई। अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी की माइंस में भरा पानी ग्राम सकलोर एवं परसवानी के निस्तारी तालाबों को पाइप-लाइन के माध्यम से प्रदान किया गया। इसके साथ ही टैंकरों के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति, नए बोरवेल की खुदाई और पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार जैसे कार्य किए गए। इसके साथ ही श्री सीमेंट सयंत्र, खापराडीह द्वारा ग्राम चंडी के बांध में जाने वाले पानी की निकासी के लिए ग्रामीणों की सहमति से जल स्तर को बनाए रखने के लिए दो किलोमीटर लम्बी कैनाल का निर्माण कार्य सी.एस.आर मद से किया।ग्राम मटिया एवं शिकारी-केसली में जल आपूर्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए पंचायत के सरपंच-सचिव एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से पेयजल एवं निस्तारी हेतु जल टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। जल-जीवन मिशन के अंतगत निर्मित पानी टंकियो को नए जल स्त्रोतों से जोड़ा गया ताकि टैंकर पर निर्भरता कम हो। गंगरेल बांध से जुडी नहरों में पानी छोड़कर ग्रामो में निस्तारी तालाबो को भरा गया।

इन उपायों से उत्खनन प्रभावित क्षेत्र के गांवों में जल संकट की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जहाँ पहले ग्रामीणों को पानी के लिए मीलों दूर जाना पड़ता था अब उन्हें अपने ही गांव में पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है। पीने के पानी के साथ-साथ निस्तारी के लिए भी जल की उपलब्धता बढ़ी है। मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत किया गया यह प्रयास प्रशासन, उद्योग और ग्रामीणों के त्रिस्तरीय समन्वय का मिसाल है जो यह दिखाता है कि जब सभी हितधारक एकजुट होकर काम करते हैं तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। जल संरक्षण की दिशा में यह पहल न केवल वर्तमान संकट से निपटने में मददगार है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी जल सुरक्षा की दिशा में कारगर कदम है।


(छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/ 2018/11/6 दिनांक 28.04.2018 के अधीन)

मेसर्स आर. एन. इण्डस्ट्रीज, प्लाट नं.-89 डी. औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -

1. मेसर्स आर.एन. इण्डस्ट्रीज, प्लाट नं0-89 डी. औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) में स्थापित है। उक्त उद्योग के विक्रय हेतु श्री राजेश गुप्ता (मेसर्स केम ऑक्साइट) निवासी 38/6, नेहरू नगर (पश्चिम), भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग के मध्य विक्रय इकरारनामा का निष्पादन हुआ है।
2. शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, भिलाई, की ओर मेसर्स आर.एन. इण्डस्ट्रीज, वित्त पोषित है तथा बैंक द्वारा इकाई के विक्रय के संदर्भ में NOC पत्र दिया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2014-19 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक 04/औ. नीति/2025/ 6462-65 दिनांक 02-05-25 द्वारा मेसर्स आर.एन. इण्डस्ट्रीज, में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।

अतः उक्त मेसर्स आर.एन. इण्डस्ट्रीज, प्लाट नं.-89 डी. औद्योगिक क्षेत्र भिलाई. जिला-दुर्ग के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था/बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर, दिनांक-

संचालक

# एक राष्ट्र-एक चुनाव से समय और व्यय दोनों की होगी बचत

**रायपुर, 5 मई।** राष्ट्रीय विचार मंच ने आज रायपुर पश्चिम विधानसभा अंतर्गत एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विधि और संविधान के विशेषज्ञों के अलावा मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय , रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे राष्ट्रीय विचार मंच के संयोजक और भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित रायपुर के अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही सांसद पाण्डेय सहित मनचासीन सभी अतिथियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपने विचार उपस्थित जनमानस के समक्ष अपने उद्बोधन के माध्यम से रखे उद्बोधन की शुरुआत होने के पूर्व सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन और उसके पश्चात वंदे मातरम गान संपन्न हुआ।



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आयोजित विचार संगोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्ध जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र में एक चुनाव हो इसकी कल्पना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में एक देश एक चुनाव करवाने का प्रयास कर रहे हैं , एक राष्ट्र एक चुनाव क्यों आवश्यक है इससे देश और देश की जनता को क्या लाभ हानि होगी को लेकर राष्ट्रीय विचार मंच जनता के बीच जा रहा है जिससे चुनाव के प्रति जन मन में रहने वाली त्रुटियों और भावों को दूर कर उसका निदान कर एक राष्ट्र एक चुनाव जो देश हित में लाभकारी है को लागू करने अपना समर्थन देना है।

हर वर्ष किसी न किसी प्रकार के चुनाव जनता के बीच होते रहते हैं जिसको लेकर विभिन्न शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के लिए लगाना विभिन्न तैयारियां करना साथ ही समय और धन व्यय करना यह राष्ट्र विकास में बाधक होता है और इसलिए इसे राष्ट्र विचार बनाना आवश्यक है मै छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभारी हूं कि निकाय चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक राष्ट्र एक चुनाव के हव्य में पहली आहुति देने का कार्य किया और नगर पालिका और पंचायत चुनाव एक साथ करवा कर अपनी आहुति दी। राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय आज आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर चर्चा करने हम सभी उपस्थित है जिसकी मुख्य भूमिका पूर्णतः आप सभी को स्पष्ट है इसके लाभ सीधी तौर भारत के आम जनमानस , चुनाव आयोग , भारत सरकार और सरकारी खजाने को होगा ।

## एक नजर

### ई और क्विक कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कैट का आंदोलन करेगाः अमर पारवानी

**रायपुर, 5 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा की है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। इसका उद्देश्य विदेशी निवेशित अमेज़न, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, ज़ेप्टो और अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक और अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है।

### अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर राजस्थान से गिरफ्तार

**रायपुर, 05 मई।** रायपुर पुलिस की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना सिविल लाईन की संयुक्त टीम ने नशे के खिलाफचलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफ्लता हासिल की है। दिनांक 04 मई 2025 को रिंग रोड नं. 01, पुराना राजेन्द्र नगर स्थित सीजी 04 ढाबा के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संजय सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में कार्यवाही की गई।

## निधन

### प्रकाश बल्लेवार



**रायपुर, 5 मई।** सत्तीबाजार के प्रतिष्ठित नागरिक भारत खादी भंडार के संचालक प्रकाश बल्लेवार(मुन्ना)का आकस्मिक निधन 4 मई की मध्यरात्रि को हो गया। अंतिम यात्रा आज 5 मई को दोपहर 1 बजे निवास स्थान सांई भवन सत्तीबाजार से मारवाड़ी शमशानघाट प्रस्थान करेगी। वे दीपक बल्लेवार के भाई,शशि बल्लेवार,शशांक,धनंजय के पिता,निकेत,निलय व आर्यन के बड़े पिताजी थे।

# प्रेमी युगल को समझाने गए डॉक्टर पर हमला

**रायपुर, 5 मई।** राजधानी रायपुर के कमल विहार (कौशल्या विहार) सेक्टर-9 में रविवार को एक बार फिर से आपराधिक घटना घटी. जब समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे एक डॉक्टर पर ही हमला कर दिया गया. डॉक्टर ने आपत्तिजनक स्थिति में मौजूद प्रेमी युगल को टोका तो दोनों इतने आगबबूला हो गए कि पहले लात-घूंसे बरसाए और फिर सिर पर पत्थर मारकर उन्हें खून से लथपथ कर दिया. इस घटना ने एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जानकारी के अनुसार, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य और पूर्व जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सुजीत परिहार जब इलाके से गुजर रहे थे, तब उन्होंने एक प्रेमी युगल को आपत्तिजनक स्थिति में देखा और सामाजिक मर्यादा के तहत उन्हें समझाने की कोशिश की. लेकिन प्रेमी युगल को समझाइश रास नहीं आई और उन्होंने डॉक्टर पर हमला



कर दिया. उन्होंने डॉक्टर पर लात-घूंसे बरसाए और फिर एक पत्थर उनके सिर पर दे मारा, जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए. वहीं घटना स्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने तुरंत हमलावर युवक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया. हालांकि, युवती मौके से फरार हो गई. जिसके बाद घायल डॉक्टर सुजीत परिहार को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

पकड़े गए हमलावर युवक की पहचान मोहन यादव के रूप में हुई है. पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

# 8 मई को बिलासपुर में कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

**रायपुर, 5 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत बिलासपुर से होगी। 8 मई को बिलासपुर में संविधान बचाओ रैली होगी, उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

बिलासपुर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और एआईसीसी सह-सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक लिया। बिलासपुर संभाग की रैली के लिए पूर्व मंत्री उमेश पटेल को कांग्रेस का संयोजक बनाया गया है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा। एआईसीसी सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे। बैठक में वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायकगण उमेश पटेल, फूलसिंह राठिया, अटल श्रीवास्तव, ब्यास कश्यप, बालेश्वर साहू, शेषराज हरवंश, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, हृदय राम राठिया, शैलेष पाण्डेय, के.के. ध्रुव, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, महामंत्री प्रेमचंद जायसी, वासुदेव यादव, लोकसभा प्रभारी सुमित्रा घृतलहरे, कन्हैया अग्रवाल, जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल, हरजीत सिंह छाबड़ा, आलोक सिंह, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, आलोक चंद्राकर, विधानसभा प्रभारी अशोक राजवाल, गिरधारी यादव, सुरेन्द्र भार्गव, सुंयक्त महामंत्री रजनीश तिवारी, पंकज सिंह, अशोक अग्रवाल, आलोक सिंह, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, मनोज गुप्ता, विकास सिंह, सचिव बंटी खान, आशीष गोयल, अशोक राजवाल, आत्मसिंह मक्कड़, सुधांशु मिश्रा, सरिता मल्होत्रा, गिरधारी यादव, टिंकू मेमन, संदीप अग्रवाल, सुरेन्द्र भार्गव, जिलाध्यक्षगण विजय पाण्डेय, विजय केशरवानी, उत्तम वासुदेव, मनोज चौहान, ताराचंद देवांगन, उपस्थित थे।

# विदेश यात्रा कराने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**रायपुर, 05 मई।** राजधानी रायपुर में विदेश यात्रा के नाम पर लगभग दो दर्जन लोगों से 35 लाख रूपये की ठगी के मामले में पिछले 10 वर्षो से फरार महिला श्रद्धा राजपुत को सिविल लाईन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला पंडरी स्थित श्याम प्लाजा में इमाम टूर एण्ड ट्रेवल्स नाम से आफिस का संचालन कर लोगो को अपने झांसे में लेते थी। वहीं इस मामले में मुख्य आरोपी है फरार, जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में धारा 420, 409, 120बी भादवि. के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थानो मे एक वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरण एवं धारा 173(8) द.प्र.सं. के तहत लंबित प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को इस प्रकार के प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने एवं प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्र में आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रार्थी अभिनव सोनी के द्वारा वर्ष 2015 में थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

# सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर, 05 मई।** थाना सिविल लाईन पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सूने मकान की खिड़की तोड़कर नगदी और जेवरात चोरी करने वाले शातिर चोर पुष्पेन्द्र देवांगन और एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया कुल 80,000 मूल्य का सामान बरामद किया गया है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रकम शामिल है। घटना के संबंध में प्रार्थी मोह. इब्राहिम ने 02 मई 2025 को थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह 24 अप्रैल को अपने रिश्तेदार की शादी में परिवार सहित गया हुआ था और 29 अप्रैल को मौलाना कमाल के फोन पर पता चला कि उसके घर की खिड़की टूटी हुई है।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26